26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 1 अप्रैल, 2026

अंक- 156 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# आज नये वित्त वर्ष की शुरूआत से महंगाई की नई खेप

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** आज 1 अप्रैल है। नए वित्त वर्ष की शुरुआत कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के महंगे होने से हुई है। सरकारी तेल कंपनियों ने इसके दाम 218 रुपए तक बढ़ा दिए हैं। इसके अलावा अब रेल टिकट 8 घंटे पहले तक ही कैंसिल कर पाएंगे। आज से फास्टैग, टोल टैक्स के साथ इनकम टैक्स से जुड़े नियम मिलाकर कुल 15 बदलाव हो रहे हैं। तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 218 तक महंगा कर दिया है। चेन्नई में ये सबसे महंगा 2246.50 रुपए में मिलेगा। दिल्ली में इसकी कीमत 2078.50 हो गई है। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च बढ़ेगा। ऐसे में वें चाय, नाश्ते और थाली महंगी कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग भी महंगी हो सकती है।

ट्रेन छूटने से 8 घंटे पहले तक टिकट रद्द करने पर ही रिफंड मिलेगा। पहले यह समय 4 घंटे था। यात्री ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक बोर्डिंग स्टेशन भी बदल पाएंगे।

समय पर टिकिट कैंसिल नहीं कर पाने पर पैसों का नुकसान होगा। रिफंड के नियमों को सख्त करने से आम यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलने की संभावना बढ़ेगी। आज से फास्टैग का एनुअल पास रिन्यू कराने पर आपके वॉलेट से ज्यादा पैसे कटेंगे। NHAI ने एनुअल पास की कीमतों में 2.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है।

## 218 रुपये महंगा हुआ कॉमर्शियल गैस सिलेण्डर




### टोल पर नो-कैश

आज से सभी टोल प्लाजा पर कैश ट्रांजेक्शन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। टोल टैक्स का पेमेंट केवल फास्टैग या UPI जैसे डिजिटल माध्यमों से ही हो सकेगा।

### गाड़ियों की नई कीमतें

31 मार्च तक पुरानी स्टॉक और पुरानी कीमतों पर गाड़ियां मिल रही थीं। आज 1 अप्रैल से कॉमर्शियल और पैसेंजर गाड़ियों के दाम 2 प्रतिशत से 3 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं।

### बेसिक पे CTC का 50% होने से इनहैंड सैलरी घटेगी

नए लेबर कोड के तहत अब कर्मचारी की 'बेसिक सैलरी' उसके कुल पैकेज (CTC) का कम से कम 50 प्रतिशत होनी चाहिए। कंपनियां भत्तों को 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं रख सकेंगी।


**आवश्यकता है**

एक गार्ड की (गन तथा बिना गन वाला दोनों में से कोई भी) तथा एक चौकीदार की जो माली का कार्य भी जानता हो।

**बाजवा फॉर्म**

बासोवाला, बढ़ापुर (बिजनौर)

फोन न0 9412452094


# ईरान बोला- अमेरिका पर भरोसा पूरी तरह ख़त्म

**ट्रम्प बोले- युद्ध 2-3 हफ्तों में खत्म हो सकता है**

ईरान ने कहा है कि अमेरिका पर उसका भरोसा पूरी तरह खत्म हो चुका है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका के साथ पिछले अनुभव अच्छे नहीं रहे हैं और उस पर अब भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने 2015 के परमाणु समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका पहले भी डील से पीछे हट चुका है, इसलिए अब किसी नई बातचीत पर भरोसा नहीं है। अराघची ने साफ किया कि अमेरिका के साथ सहयोगी देशों के जरिए संदेशों का आदान-प्रदान जरूर हो रहा है, लेकिन इसे बातचीत नहीं कहा जा सकता। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ चल रहा युद्ध अगले 2 से 3 हफ्तों में खत्म हो सकता है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका अपना लक्ष्य हासिल कर चुका है।


School Code : 81873 Affiliation No. : 2132474

**St. John's School**

(Run by : Bessey Christian Charitable Trust Regd.)

Nursery to X (Affiliated to C.B.S.E.)



**प्रवेश प्रारम्भ**


मुख्य विशेषताएं

1. सी.बी.एस.ई. से मान्यता प्राप्त।
2. परिश्रमी, योग्य व समर्पित शिक्षक।
3. बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं।
4. उचित फीस बड़ा स्कूल-भवन व खेलने का मैदान।
6. मुफ्त प्रौद्योगिकी शिक्षा।
7. अंग्रेजी भाषा पर जोर।
8. हस्तकला, कला व स्वावलंबन का विकास।
9. अन्य शैक्षिक क्रियाकलाप

सबसे उत्तम शिक्षा, सबसे कम दामों पर



Manager Kenneth Porter



President Shri H. N. Porter



Principal Ms. Mahima Rani

**सूचना**

- सत्र 2025-26 में सभी कक्षाओं में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन आरम्भ हो गए हैं। सीमित सीटें हैं अतः आज ही आकर अपने बच्चों को प्रवेश दिलाएं।
- सभी विषय तथा सभी कक्षाओं हेतु अंग्रेजी व साइंस में कुशल व अनभवी टीचर्स की आवश्यकता है।

Nai Basti, B-14 Near Gupta Chakki, Bijnor

Mob. : 8273383018, 9927979617

**सभी विषय हेतु शिक्षिकाएं तथा चौकीदार, माली, सेविकाएं आवेदन करें- मो. 9837801885, 9927979617**



जय श्रीराम! जय श्री शनिदेव! जय श्री हनुमान जी! जय श्री महामृत्युजंय जी!

**श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह-2026**



स्थान- श्री हनुमान धाम

किरतपुर (बिजनौर)

मुख्य अतिथि

**श्री साकेंद्र प्रताप**

जिला पंचायत अध्यक्ष

बिजनौर

अति विशिष्ट अतिथि

**श्री सूर्यमणि रघुवंशी**

संपादक

सांध्य दैनिक चिंगारी

विशिष्ट अतिथि-

**श्री संजीव मलिक**

जिला पंचायत सदस्य किरतपुर क्षेत्र

-: कार्यक्रम :-

समय रात्रि 8:00 बजे

दिनांक 2 अप्रैल, दिन बृहस्पतिवार

रात्रि 8 बजे होने वाले हनुमानमय मंच कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

-: कार्यक्रम संयोजक :-

आचार्य विक्रम सिंह

हनुमान सिंह चौहान एड.

निवेदक-

**प्रदीप चौहान** (पत्रकार)

संस्थापकः श्री हनुमान धाम, किरतपुर

एवं ब्रांड एम्बेस्डरः स्वच्छ भारत मिशन

नगर पालिका परिषद, किरतपुर

# 'मुझे सड़क पर हर तीसरा आदमी पहचान रहा है'

## धुरंधर के ज़हूर मिस्त्री ने मुंबई से की बातचीत

### बोले- मेरा किरदार 'रील' तक, पर धमकियां 'रीयल' में मिल रही हैं


**शहबाज़ अनवर**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** धुरंधर का पहला पार्ट आया, मेरे 'पड़ोस में ही रहते हैं हम' वाले डायलॉग ने खूब नाम दिया। इसके बाद हाल ही में धुरंधर-2 में शुरुआत में ही डायलॉग 'हिन्दू बहुत डरपोक कौम है' ने तो अलग ही फेम दिया। हालांकि मैंने ये डायलॉग फ़िल्म में बोला पर लोग ज़्यादा जज़्बाती हो गए और मुझे असल ज़िन्दगी में धमकियां मिलने लगीं। वैसे अब मैं बाहर निकलता हूं तो सड़क पर हर तीसरा शख्स मुझे पहचान लेता है।



धुरंधर-2 के एक दृश्य में विवेक सिन्हा।

यह बातें बॉलीवुड फिल्म धुरंधर और धुरंधर 2 में ज़हूर मिस्त्री का किरदार निभाने वाले अभिनेता विवेक सिन्हा ने चिंगारी से साझा की। विवेक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ज़िला बिजनौर में छोटे से शहर धामपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि दो पार्ट में पर्दे पर आई धुरंधर ने उन्हें इंडस्ट्री में बड़े मुक़ाम तक पहुंचाया है। विवेक ने बताया कि अब मुम्बई जैसे बड़े शहर में बाहर निकल रहे हैं तो हर तीसरा शख्स उन्हें पहचान रहा है। लोग सेल्फी लेने के लिए लालायित रहते हैं।



अभिनेता रणवीर सिंह के साथ विवेक सिन्हा।

### कई फिल्मों में ऑफर, जल्द शुरू होगा काम

**धुरंधर और धुरंधर 2 में विवेक सिन्हा को मिले नाम और पहचान के बाद उनके पास कई बॉलीवुड फिल्मों में काम करने के ऑफर हैं, हालांकि विवेक सिन्हा ने अभी इस बात को लेकर कोई खुलासा तो नहीं किया है, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई है कि जल्द ही इस बारे में भी वह अपने प्रशंसकों से यह खुशी ज़ाहिर करेंगे।**

## महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर हुये भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम



**किरतपुर ( चिंगारी )।** तीर्थंकर 1008 श्री महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक के अवसर पर रात्रि में श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम आयोजित करने से पहले सरधना से पधारी श्री लक्ष्मी जैन व उनकी बहन मधुर अग्रवाल किरतपुर निवासी का पटका और बैज लगाकर सम्मान किया गया तथा पल्लव अग्रवाल का अध्यक्ष सुनील जैन ने कमेटी के सदस्यों के साथ पटका पहनाकर सम्मान किया।

सर्वप्रथम आदिनाथ जी के साथ-साथ भगवान महावीर जी की आरती एवं भजन गाए गए। उसके पश्चात नैंसी जैन, इंदु जैन, सोनल जैन, बबीता जैन, कल्पना जैन, प्रियंका जैन, प्रिशा जैन आदि महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों ने सुंदर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात बालक महावीर के पालने को झुलाकर धर्म लाभ प्राप्त किया। बालक महावीर के पालने को सुंदर रूप से सजाने के लिए नैंसी के प्रयास की प्रशंसा की गई। बालक महावीर के पालने के कार्यक्रम में संजय जैन सर्राफ एवं आभा जैन ने भगवान महावीर के माता-पिता बनकर भव्यता प्रदान की।

सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में अनिल जैन, संजय जैन सीमेंट वाले, सुनील जैन, यतेंद्र जैन, आकाश जैन, हर्षवर्धन जैन, गौरव जैन, नीरज जैन का विशेष सहयोग रहा।

## जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने देवदत्त शर्मा

किरतपुर (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने 20 वर्षों से यूनियन की सेवा करने वाले देवदत्त शर्मा पाडले वालों को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया और साथ ही आशा व्यक्त की शर्मा और अधिक जिम्मेदारी समझदार किसानों के हित में काम करेंगे। ज्ञात हो कि देवदत्त शर्मा लगभग 10 वर्ष किरतपुर ब्लॉक के अध्यक्ष रहे हैं और वर्तमान में वह नजीबाबाद तहसील के अध्यक्ष थे उनके मनोनयन से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। देवदत्त शर्मा ने अपने मनोनयन के लिये जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे वह बखूबी निभायेंगे।



ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आवश्यकता है धामपुर में शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल मैनेजर व मैकेनिक की।

सम्पर्क करें- मो. 9084329100

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911



# त्रिदिवसीय हनुमान जयंती का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत सेवा समिति पंजीकृत एवं बाबा नींब करोरी कृपा कुंज के संयुक्त तत्वावधान में प्रारंभ हुए श्री हनुमान जी के तीन दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ कलश शोभायात्रा से हुआ। भजन गायक संदीप शर्मा बिजनौरी के भजनों की प्रस्तुतियों ने जहां वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया, वहीं काशीपुर से बॉबी किंग ढोली के निर्देशन में पधारे ढोल वादकों नगर में धूम मचा दी।

धार्मिक संस्था बाबा नींब करौरी कृपा कुंज के संस्थापक बाबा रामदास जी महाराज, श्रीमद् हनुमत सेवा समिति पंजीकृत के संस्थापक सुभाषचंद्र कौशिक, संरक्षक पंकज भटनागर, पंडित रामानंद शर्मा, अध्यक्ष मयंक अंग्रवाल, उपाध्यक्ष आयुष, राज वर्मा, लिटिल वर्मा महामंत्री, यतेंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट, कोषाध्यक्ष पंडित तरुण शर्मा शास्त्री के निर्देशन में आयोजित तीन दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ शुभम मंडप में पूर्व परिवहन राज्यमंत्री एवं विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजू गुप्ता, साहित्यकार दिनेशचंद्र अग्रवाल नवीन, हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व प्रभारी डॉ. एनपी सिंह, डॉक्टर आदित्य अग्रवाल, समाजसेवी नरेश कुमार सैनी, कैटर्स निखिल छाबड़ा सन्नी, कुंवर अशोक कुमार सिंह राजपूत, दुष्यंत चौहान, हरिश्चंद्र सैनी कैटर्स आदि ने वीर बजरंगबली हनुमान जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन से किया।



श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल पूर्व परिवहन राज्य मंत्री अशोक कटारिया

उद्घाटन के पश्चात शुभम मंडप से प्रारंभ हुई कलश शोभायात्रा में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, जनक नंदिनी सीता, वीर शिरोमणि लक्ष्मण, भक्त बजरंगबली हनुमान जी महाराज के पावन स्वरूप तथा सुसज्जित घोड़ा बग्घी पर विराजमान बजरंगबली हनुमान जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कलश शोभायात्रा का अंकुर गोयल, हर्षा गोयल, विजय कुमार जैन, संयम जैन, डॉ. दिनेश कुमार, मुकेश कुमार शर्मा, प्रीति रानी शर्मा, मोहित कुमार अग्रवाल, सरदार अवतार सिंह मोहन, सरदार गुरशरण सिंह मोहन, डॉ. करिश्मा सक्सेना की ओर से स्वागत किया गया। निर्धारित मार्गो की परिक्रमा के बाद कलश शोभायात्रा वापस शुभम मंडप पर ही पहुंचकर संपन्न हुई।

## बालाजी धाम पर हनुमत यज्ञ का आयोजन



**धामपुर ( चिंगारी )।** आरएसएम तिराहा (महाराणा प्रताप चौक) स्थित संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम में श्री बालाजी महाराज जन्मोत्सव एवं 21वें वार्षिकोत्सव के पावन अवसर पर तीन दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ भक्तिभाव के साथ किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को बिजली की झालरों और फूलों से सजाया गया है। मंगलवार को प्रथम दिवस श्री हनुमत यज्ञ का विधिवत आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य यजमान के रूप में अमित गुप्ता, रूचि गुप्ता, सचिन अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, अनुराग, नेहा, ऋषांक, शिवांश, विभोर, प्रखर, अशोक अग्रवाल, श्रीनिवास शोभित, सुनील, मनोज, श्रुति, प्रदीप, सीमा, नीलम, आरती सहित अनेक श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर धर्मलाभ प्राप्त किया। महंत राहुल अग्रवाल के संरक्षण में यज्ञकर्ता पंडित अर्पित शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक हवन संपन्न कराया। इस अवसर पर निखिल अरोड़ा, अनमोल, प्रियंशु, शौर्य, उमंग, राधिका, ललित सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सूचना

मेरे द्वारा आवेदन पत्र में फार्म 3 भरते समय त्रुटिवश मेरी पत्नी का नाम अनुराधा देवी तथा माता का नाम अनोश देवी तथा मेरी पुत्री खुशी की जन्मतिथि 26-12-2006 लिखा गया था, जबकि मेरी पत्नी का सही नाम अनुराधा तथा माता का नाम अनोश तथा पुत्री खुशी की सही जन्मतिथि 26-12-2007 है।- **कामेन्द्र सिंह पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम पावटी, थाना हल्दौर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर**

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरे डी.एल संख्या UP20-20220003121 जिसमें मेरा नाम Mohd jaid अंकित हो गया था, जो गलत है। जबकि मेरे समस्त प्रमाण-पत्रों में मेरा नाम Mohd zaid है जो सही है। अतः मुझे Mohd zaid के नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए। **-मौ. ज़ैद पुत्र मौ. आरिफ़ ग्राम मुबारकपुर खोशा, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

Hero आवश्यकता है Hero
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर
3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल
4.नेटवर्क मैनेजर, 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## राजनीतिक दल और जातीय समीकरण

देश के स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही अस्तित्व में आई यादव महासभा ने सारे देश में अपने समुदाय के लोगों को केवल एक 'यादव' उपनाम रखने के लिए तैयार कर लिया था, जिसका उसे अखिल भारतीय स्तर पर राजनीतिक और चुनावी लाभ मिला, लेकिन यह स्थिति अन्य ओबीसी जातियों के साथ नहीं है। हालांकि, हाल में बहुत से कुर्मी 'पटेल' उपनाम का प्रयोग कर स्वयं को सरदार पटेल से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, पर यह समाज अनेक प्रकार से 'चेहरा-विहीन' है। इस समाज का एक हिस्सा स्वयं को क्षत्रिय मानता है तथा छत्रपति शिवाजी को आदर्श मान कर 'हिंदुत्व' के साथ जुड़ना चाहता है, लेकिन दूसरा हिस्सा स्वयं को पिछड़ा वर्ग मानते हुए ब्राह्मणवाद-विरोध व मनुवाद-विरोध के रास्ते पर चलता है। इसके साथ ही ओडिशा, झारखंड व पश्चिम बंगाल में रहने वाले कुर्मी समाज का बड़ा हिस्सा स्वयं को अनुसूचित जनजाति घोषित करने की मांग करता है और इसके लिए उसने पिछले वर्षों में रेल व सड़क जाम करने वाले बड़े आंदोलन किए हैं। संभवत: इन कारणों से ही कुर्मी समाज के किसी नेता की लोकप्रियता व स्वीकार्यता कुछ जिलों तक ही सीमित रही है। वर्तमान समय में अपना दल-सोनेलाल की नेता व केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल स्वयं को कुर्मी समाज का नेता मानती हैं, पर उनको स्वयं उनकी छोटी बहन व माता अपना दल-कमेरावादी के बैनर से चुनौती दे रही हैं। ये स्थितियां जहां भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के लिए चुनौतीपूर्ण हैं, वहीं अखिलेश यादव के लिए भी चुनौती कम नहीं है। कुछ साल पहले तक कुर्मी समाज के नरेश उत्तम पटेल लंबे समय तक सपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे, पर बाद में उनको हटा दिया गया। अब देखना होगा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद अखिलेश यादव क्या कदम उठाते हैं? उधर, नव-नियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के सामने अपने समाज को एकजुट कर भाजपा के साथ लाने के अलावा दलित समाज को भी भाजपा और 'हिंदुत्व' के पीछे एकजुट करना होगा। हालांकि, वर्तमान समय में बसपा का प्रदेश में केवल एक विधायक है, पर इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि उसे बिहार विधानसभा में भी एक सीट पर सफलता मिली है।

# पश्चिमी यूपी में मायावती पुराने सपने और नई रणनीति के साथ

> उत्तर प्रदेश के विभाजन की चर्चा आज-कल केवल बसपा तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य भर के राजनीतिक गलियारों में भी चल रही है, लेकिन बसपा इसे अपनी राजनीति का केंद्र बनाकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखना चाहती है। इससे पार्टी को एक नई राजनीतिक भाषा भी मिलती है, जिसमें न केवल दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़े वर्गों की बात होगी, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों के विकास और न्याय की बात भी शामिल होगी।



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जेवर के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण के उद्घाटन के बहाने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य और उसके लिए हाईकोर्ट की अलग बेंच बनाने की मांग फिर से उठाना केवल एक भावुक नारा नहीं है, बल्कि एक लंबी चली आ रही राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। इस मुद्दे को बार-बार तराश कर वह न सिर्फ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के स्थानीय असंतोष को अपनी राजनीति में बदलना चाहती हैं, बल्कि बसपा को एक वैकल्पिक अस्तित्व के रूप में भी स्थापित करना चाहती हैं, जिससे दल को ताकत और मान्यता दोनों मिल सकें। जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन होते ही मायावती ने यह दावा किया कि इस परियोजना की रूपरेखा और इसके जरूरी बुनियादी काम उनकी बसपा सरकार के शासनकाल में ही शुरू हो चुके थे। उनका यह दावा बसपा को विकासवादी दल के रूप में पेश करने वाला है, जिससे उत्तर प्रदेश की जनता के सामने यह संदेश जाता है कि बसपा केवल जातिगत मुद्दे उठाने वाली पार्टी नहीं, बल्कि बड़ी परियोजनाओं की सोच भी रखती है। इस तरह वह एयरपोर्ट के नाम पर न केवल अपने शासनकाल की राजनीतिक विरासत जीवित रख रही हैं, बल्कि मौजूदा सरकार और अन्य तीनों बड़े दलों, भाजपा, सपा और कांग्रेस को विकास कार्यों में देरी और रुकावट का दोषी भी ठहरा रही हैं। इसी कड़ी में वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की अलग बेंच और वहां के लिए अलग राज्य बनाने के सपने को दोहराकर एक नया तर्क बना रही हैं। उनका संदेश स्पष्ट है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जो औद्योगिक गलियारों, खजूरी खेतों और नोएडा, गुरुग्राम जैसे नये शहरों का घर है, आज भी अदालती और प्रशासनिक देरी और निर्णयों की दूरी से जूझ रहा है। इस असंतोष को वह बसपा के पक्ष में मोड़ने की कोशिश कर रही हैं, ताकि वहां के छोटे व्यापारी, उद्योगपति, भूमि-मालिक और नवनिर्मित पड़ोस बसपा को अपनी उम्मीद का केंद्र बना सकें, जो पहले शायद भाजपा या सपा की ओर झुके रहे हैं।

अलग प्रदेश की मांग को फिर से उठाकर मायावती बसपा के लिए कई तरह के फायदे तैयार करने की कोशिश कर रही हैं। सबसे पहले, यह मुद्दा पार्टी को एक बड़े राज्य-स्तरीय रणनीति के रूप में पेश करता है, न कि केवल जातिगत या विधानसभा-स्तरीय तंत्र के रूप में। उत्तर प्रदेश के विभाजन की चर्चा आज-कल केवल बसपा तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य भर के राजनीतिक गलियारों में भी चल रही है, लेकिन बसपा इसे अपनी राजनीति का केंद्र बनाकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखना चाहती है। इससे पार्टी को एक नई राजनीतिक भाषा भी मिलती है, जिसमें न केवल दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़े वर्गों की बात होगी, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों के विकास और न्याय की बात भी शामिल होगी। दूसरे, अलग प्रदेश की मांग बसपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जातिगत और सामाजिक समूहों को एक साथ जोड़ने का मौका देती है। यहां दलित, ओबीसी, जाट, गुज्जर, राजपूत और अन्य छोटी जातियां रहती हैं, जो अक्सर अलग-अलग राजनीतिक दलों के खेमों में बंटी रहती हैं। मायावती की रणनीति यह है कि स्थानीय असंतोष और विकास की मांग को एक-दूसरे से जोड़कर बसपा उन सबको एक नये राजनीतिक विकल्प के रूप में पेश करे, जहां जाति अलग-अलग नहीं होगी, बल्कि क्षेत्रीय और विकासवादी एजेंडा हावी होगा। ऐसी स्थिति में बसपा न केवल अपनी मूल आधार-जनता को बचाए रख सकती है, बल्कि नये वोट बैंक भी बना सकती है, जो पहले भाजपा या सपा के पास रहते थे। तीसरा, यह रणनीति बसपा को राजनीतिक रूप से मजबूत विपक्षी दल के रूप में दिखाने में मदद कर सकती है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा-संचालित राज्य सरकार के दौर में अलग राज्य की मांग से यह संदेश निकलता है कि प्रदेश बड़ा होने के कारण विकास और न्याय दोनों ही धीमे हो रहे हैं। इस दावे को बसपा अपने विकासवादी एजेंडा के साथ जोड़कर यह बताना चाहती है कि अगर वह सत्ता में आई, तो सिर्फ जातिगत आरक्षण और सामाजिक न्याय तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि प्रशासनिक सुधार और भू-राजनीति को भी नये सिरे से सोचेगी। इससे पार्टी की छवि बदल सकती है, जो आज भी कई लोगों को सिर्फ दलित-नेतृत्व पार्टी लगती है, वह धीरे-धीरे एक व्यापक जनआधार वाली राज्य-स्तरीय राजनीतिक शक्ति के रूप में गिनी जा सकती है। चौथा, अलग प्रदेश की मांग बसपा को मीडिया और जनता के बीच लगातार चर्चा में रहने का अवसर देती है। जब भी राज्य-विभाजन, न्यायपालिका की अलग बेंच या औद्योगिक विकास जैसे विषय आते हैं, बसपा का नाम उस संवाद में जरूरी तौर पर आता है।

▶▶ संजय सक्सेना, लखनऊ
वरिष्ठ पत्रकार

प्रेरक-प्रसंग

# दूसरी विचारधारा के लोग भले ही संकुचित मन वाले हों, हमें बड़ा मन रखना चाहिए!

आर्य समाज के तपोनिष्ठ स्वामी श्रद्धानंद जी एक पत्र बहुत ध्यान से पढ़ रहे थे। उन्होंने तीन बार उस पत्र को पढ़ा। पास में बैठे शिष्यों ने उनसे पूछा, आप कुछ चिंतित दिख रहे हैं, ऐसा क्या लिखा है इस पत्र में और इसे भेजा किसने है? श्रद्धानंद जी ने कहा, ये पत्र एक अंग्रेज पादरी ने भेजा है और रुड़की से आया है। उसने मांग की है कि वह हमारे आश्रम में रुककर हिन्दी भाषा सीखना चाहता है। उसने ये भी लिखा है कि मैं सिर्फ भाषा सीखने आ रहा हूं, किसी भी तरह से मैं ईसाई धर्म का प्रचार नहीं करूंगा। ये बातें सुनकर सभी शिष्य श्रद्धानंद जी की ओर देखने लगे। उन्होंने कहा हम स्वामी दयानंद के शिष्य हैं, हमारे स्वामी जी ने हमें सिखाया है कि जब भी कोई काम करो तो उस पर एक दृष्टि मत रखना, अनेक दृष्टिकोण से उस कर्म पर विचार करना और उसके बाद कर्म करना। अब प्रश्न ये है कि इन्हें अनुमति दी जाए या न दी जाए। सभी ने कहा, हमें इस पादरी को अनुमति नहीं देनी चाहिए। श्रद्धानंद जी ने कहा, हम उन्हें पत्र लिखते हैं और उसमें स्पष्ट कर देंगे कि आप हमारे यहां अतिथि बनकर आएं। हिन्दी भाषा सीखें, लेकिन आपको ये आश्वस्त करना होगा कि आप हमारे गुरुकुल में किसी भी ढंग से ईसाई धर्म का ऐसा प्रचार नहीं करेंगे कि विवाद हो जाए।

# भगवान महावीर की पालकी यात्रा में टीएमयू की आस्थामय डुबकी

**मुरादाबाद (चिंगारी)।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के संग हुआ, जिसमें कुलाधिपति परिवार- श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, सुश्री नंदिनी जैन समेत रंग-बिरंगे परिधानों में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं, शिक्षकों आदि ने भाग लिया। जन्मोत्सव का शुभारम्भ महावीर भगवान जयन्ती की पूर्व संध्या पर वर्धमान वंदना से हुआ, जबकि जिनालय से विधि-विधानपूर्वक प्रात:काल भगवान महावीर की पालकी यात्रा पूरे उल्लास और भक्तिभाव के साथ कैंपस में निकाली गई। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के संग नृत्य करके वातावरण को भक्तिमय बना दिया। एडमिन ब्लॉक में कुलाधिपति परिवार के संग-संग शिक्षकों ने श्रीजी की सामूहिक आरती की,



जिसके बाद श्रीजी की शोभायात्रा को रिद्धि-सिद्धि भवन लाया गया। जगह-जगह श्रावक-श्राविकाओं के लिए गन्ने के रस और शिकंजी की व्यवस्था थी। रिद्धि-सिद्धि भवन में श्रीजी का अभिषेक और शांति धारा का परम सौभाग्य कुलाधिपति परिवार, कुलपति, फैकल्टीज़ और श्रावक-श्राविकाओं को प्राप्त हुआ। दूसरी ओर शाम के समय पालना झुलाया गया एवम् 1008 दीपों से महाआरती हुई, जिसमें पालना झुलाने का सौभाग्य कुलाधिपति परिवार को मिला। पालकी यात्रा के दौरान भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और त्याग के संदेश गूंजते रहे। पालकी यात्रा में डॉ. रवि जैन, प्रो. विपिन जैन, डॉ. विपिन जैन, डॉ. कल्पना जैन, डॉ. आशीष सिंघई, डॉ. विभोर जैन, श्री मनोज जैन, डॉ. पवन जैन, डॉ. करुणा जैन, श्रीमती नीलिमा जैन, डॉ. अर्चना जैन, श्रीमती अहिंसा जैन, श्रीमती अंजलि सिंघई, श्री संजय जैन, श्री आदित्य जैन के अलावा सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

# के.एस. चिल्ड्रन्स एकेडमी में हुआ पुरस्कार समारोह



**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** केएस चिल्ड्रन्स एकेडमी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक कपिल अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य इन्द्रपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में शैक्षणिक सत्र के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण यू.के.जी. कक्षा का दीक्षांत समारोह रहा, जिसमें नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक जीवन के प्रथम चरण की सफलता पर प्रमाण-पत्र एवं स्क्रॉल प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रबंधक कपिल अग्रवाल ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। वहीं प्रधानाचार्य इन्द्रपाल सिंह ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समुचित व्यवस्थाएं एक्टिविटी इंचार्ज मानसी अग्रवाल एवं मीनाक्षी शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुईं।

# चंद्रवाहिनी चौधरी को सम्मानित किया



**धामपुर (चिंगारी)। जयवीर सिंह सिसोदिया जिला अध्यक्ष, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा यूपीएससी परीक्षा में 662वीं रैंक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन करने वाली ग्राम नांगल जट निवासी चंद्रवाहिनी चौधरी को सम्मानित करने हेतु उनके घर पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयवीर सिंह सिसोदिया (जिला अध्यक्ष, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर), ओमप्रकाश सिंह (जिला उपाध्यक्ष), विपुल प्रताप सिंह (पूर्व जिला अध्यक्ष), महेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके अलावा वरुण, अनीता, अरुण कुमार, अनुज एवं प्रेम कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए और सभी ने मिलकर चंद्रवाहिनी चौधरी की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।**

# श्री हनुमान धाम पर अखण्ड रामायण पाठ शुरू

## कल रात होगा हनुमानमय कार्यक्रम

**किरतपुर (चिंगारी)।** नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री हनुमान धाम में श्री हनुमान जन्म उत्सव के शुभ अवसर पर आज सुबह 8:00 बजे अखंड रामायण पाठ शुरू हो गया है। रामायण के मुख्य यजमान ठाकुर वेदप्रकाश चौहान रूपपुर वाले व उनकी धर्मपत्नी सीमा रानी हैं। हवन पूजन पंडित सूर्यदीप शर्मा उर्फ पम्मी पंडित जी ने कराया। इस अवसर पर श्रीपाल राणा, धाम के संस्थापक प्रदीप चौहान (पत्रकार), कुमार देवेंद्र प्रताप, आर्य प्रताप, राजेंद्र मोहन चौहान, सतीश शर्मा, विपिन चौहान, गौतम सिंह (पत्रकार), संदीप गिरि, विपुल गिरि, पंडित प्रवेश डबराल आदि काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे। हनुमान धाम के संस्थापक प्रदीप चौहान पत्रकार ने बताया कि रामायण पाठ का कल 2 अप्रैल को दोपहर 12.00 बजे समापन होगा। तत्पश्चात आरती, हवन



पूजन तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा। रात्रि में वर्षो की भांति इस वर्ष भी शाम 7:00 बजे से हनुमानमय कार्यक्रम होंगे तथा रात्रि 12:00 बजे आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# इंडोनेशिया के चीनी मिल अधिकारियों ने किया बरकातपुर मिल का भ्रमण

**नांगल सोती (चिंगारी)।** समोरा ग्रुप इंडोनेशिया चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के कृषि फार्म में पहुंचकर गन्ना बुवाई, गन्ना कटाई, ड्रिप सिंचाई, पेडी प्रबंधन एवं कोकोपिट ट्रे विधि से पौध तैयार करने के गुर सीखे।

बरकातपुर चीनी मिल में पहुंचने पर इंडोनेशिया की चीनी मिल के अधिकारियों का स्वागत संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने बुके देकर गर्मजोशी के साथ किया। सभी



## कृषि फार्म में गन्ना बुआई से कटाई तक की तकनीक की बारीकियों को समझा


अधिकारी मिल के कृषि फार्म पर ट्रेंच विधि से की जा रही गन्ना बुवाई, सिंगल बड से हो रही गन्ना बुवाई, कोकोपीट ट्रे से तैयार की जा रही गन्ने की पौध, पेडी प्रबंधन एवं ड्रिप सिंचाई विधि द्वारा की जा रही गन्ने की खेती का विस्तृत रूप से भ्रमण, अध्ययन किया। इसके बाद सभी अधिकारी चीनी मिल के केन यार्ड से लेकर केन कैरियर, मिल हाउस, बॉयलर हाउस तथा चीनी उत्पादन सहित समस्त चीनी मिल का भ्रमण किया। समोरा ग्रुप इंडोनेशिया चीनी मिल अधिकारियों में डायरेक्टर आपरेशन ग्रुप आसिफ इकबाल, सी.एफ.ओ. खारिस, टेक्निकल हेड सुरेश, प्रोडक्शन हेड कादरीस्मान, जीएम (केन) बख्तियार, सीनियर मैनेजर (हार्वेस्टिंग) रुस्दी, क्वालिटी कंट्रोल हेड रेड्डी शामिल रहे। बरकातपुर चीनी मिल से महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर, मुख्य महाप्रबंधक (अभियंता) अतेन्द्र शर्मा, महाप्रबंधक (उत्पादन) अतुल कुमार, महाप्रबंधक (विद्युत) अनिल शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (गन्ना विकास) चांदवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# नजीबाबाद में बन रहा भव्य व आकर्षक गुरुद्वारा भवन

## तीन वर्ष में बनकर होगा तैयार

## गुरूद्वारा में होगा 80 फुट ऊंचा गुम्बद, बड़ा लंगर हॉल, रसोई, बाथरूम, सेवादार आवास

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गुरूनानक शाही गुरू सिंह सभा गुरुद्वारे को अब आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण नया भवन मिलने जा रहा है। नजीबाबाद के इस ऐतिहासिक, धार्मिक गुरुद्वारे को करीब 4 करोड़ रूपया व्यय कर भव्य बनाया जा रहा है। यह भवन दो तीन वर्ष में बनकर तैयार होगा। मान्यता है सिक्ख धर्म के संस्थापक व प्रथम गुरु नानक देव ने समाज में सुधार लाने, आपसी सद्भाव बढ़ाने, सिक्ख धर्म का प्रचार प्रसार करने को भारत भ्रमण के दौरान वर्ष 1565 में नानकमत्ता से हरिद्वार आते समय काशीपुर, कोटद्वार के बाद एक दिन नजीबाबाद में मुख्य मार्ग पर स्थित एक कुटिया में विश्राम किया था। जिस स्थान पर उनके पवित्र पांव पड़े थे आजादी के बाद पाकिस्तान से आएं सिक्ख धर्म के अनुयायी परिवारों ने 1947 में श्री गुरुद्वारा नानक शाही का नजीबाबाद में निर्माण कराया था। अब गुरुद्वारा प्रबंधन ने उसी स्थान पर भव्य, आकर्षक विशाल आधुनिक सुविधाओं से लैस नया भवन बनाने का बीड़ा उठाया है। जिस पर 3-4 करोड़ का व्यय होने का अनुमान है। सूत्रों के अनुसार गुरूद्वारा में नीचे बड़ा लंगर हाल, रसोई, बाथरूम, सेवादार आवास, पार्किंग, प्रथम मंजिल पर दरबार शाही, 80 फुट ऊंचा गुम्बद व दो दर्जन दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। नजीबाबाद नगर में गुरु नानक देव जिस स्थान पर विश्राम के लिए रूके थे वह जीवन दास सहगल की बगिया थी। जिसमें अमरूद के पेड़ों के बीच एक झोपड़ी पड़ी थी जिसमें एक साधु रहता था। किदवंती है दोपहर को जब गुरु नानक देव को प्यास लगी तब पीने के पानी की समस्या आई थी। बताते गुरु नानक देव ने बताया उस कौने में खुदाई करो पानी निकलेगा। खुदाई की तो जमीन से पानी आ गया। वहां एक कुइयां का निर्माण कराया गया। वर्तमान में पौराणिक कुइयां गुरुद्वारा भवन बनने के बाद से बंद है। गुरुद्वारा प्रबंधन अब ऐतिहासिक, पौराणिक महत्व की उस कुइयां को खोज कर पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहा है। तब से वह बगिया नानक बगीची के नाम से पहचानी गयी। गुरु नानक देव कुटिया से विदा लेते समय अपना चोला इसी स्थान पर छोड़ गये थे। बताते हैं बगिया के स्वामी जीवन दास सहगल बेऔलाद थे। नानक देव की सेवा में लगे जीवन दास सहगल को गुरु नानक देव का आशीर्वाद मिला तो उसी वर्ष उनको पुत्र रत्न प्राप्त हुआ। बताते हैं जीवन दास सहगल ने गुरू नानक देव के नाम पर अपनी बगिया की समस्त भूमि दान कर दी थी। जो राजस्व रिकार्ड में नानक बगीची के रूप में दर्ज हुई। बताते हैं भारत विभाजन के बाद भारत आएं सरदार रवेल सिंह, सरदार अवतार सिंह, लाला ईश्वर दास, सरदार मंगल सिंह, सरदार इकबाल सिंह, सरदार मंगल सिंह, सरदार बिशन सिंह, बहादुर सिंह कालरा, गुरुमुख सिंह, रहना सिंह, गोपाल सिंह, गुलाब सिंह, मालिक सिंह आदि ने सिक्ख समाज के सहयोग से नजीबाबाद में नानक बगिया में 1947 में गुरू सिंह सभा का गठन कर गुरू नानक देव की स्मृति को संजोएं रखने के लिए गुरुद्वारा का निर्माण कराया था। वर्ष 1967 में गुरुद्वारा परिसर जीवन सिंह सहगल ने निशान साहिब स्थापित किया था। जबकि 1968 में गुरुद्वारा श्री सिंह सभा का जीर्णोद्धार कराया गया था। तब गैर सिक्ख समाज के लोगों ने भी आर्थिक सहयोग दिया था। साहू सुरेश चंद्र अग्रवाल ने एक कक्ष व लाला ईश्वर दास कोहली ने गुरुद्वारा का लोहे का गेट लगवाया था। सहजधारी (बिना पगड़ी) काफी लोग गुरुद्वारा से गुरुद्वारा की सेवा करते आए हैं। कमेटी के प्रधान सरदार नरेंद्र सिंह बाधवा कोषाध्यक्ष हरमिंदर सिंह, सतेन्द्र खन्ना, हरभजन सिंह सहगल का कहना है कि आगामी दो वर्ष में समाज के लोगों के आर्थिक सहयोग से 2700 वर्ग गज में भव्य, विशाल, आकर्षक व यादगार भवन तैयार किया जाएगा। नए गुरुद्वारा भवन में जत्थों के लिए आधुनिक सुविधाएं रहेगी नजीबाबाद नगर से होकर नानकमत्ता, हेमकुंड साहिब, केदारनाथ, बदरीनाथ यात्रा जाने वाले सिक्ख जत्थों के लिए इस गुरुद्वारा के द्वार हमेशा खुले रहते हैं। उनके विश्राम, स्नान, भोजन, नाश्ते की व्यवस्था प्रबंध समिति द्वारा की जाती है। नये भवन में भविष्य में ऐसे जत्थों के लिए जरूरत की समस्त आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध रहेगी।



गुरुद्वारा के नये भवन का ले आउट

## मेधावी बच्चों को उपहार स्वरूप चेक देकर सम्मानित किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मूर्ति देवी सरस्वती बाल मंदिर स्कूल में शैक्षिक सत्र के परीक्षाफल घोषित होने के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक डॉ0 अतुल बहादुर सक्सैना ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्रों को उपहार स्वरूप चेक प्रदान किये। जिसमें कक्षा एक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र मोहम्मद जियान, कक्षा दो में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रितेश, कक्षा तीन में प्रथम स्थान अर्नव, कक्षा चार में प्रथम स्थान हर्ष कुमार, कक्षा पांच में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मोहम्मद फैज को गिफ्ट व चेक देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक डॉ अतुल बहादुर सक्सेना ने विद्यार्थियों की सफलता की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत, अनुशासन व लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य अरुण कौशिक ने सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास व सकारात्मक सोच का परिणाम होती है।

## एमडीकेवी की अच्छे अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं सम्मानित



नजीबाबाद (चिंगारी)। मूर्ति देवी कन्या इण्टर कॉलेज नजीबाबाद में कक्षा 1 से 9 तक व कक्षा 11 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा में उच्चतम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा 11 में वैज्ञानिक वर्ग में कु. रसाल राणा 80 प्रतिशत, मानविकी वर्ग में कु. साक्षी 82 प्रतिशत, 11 वाणिज्य वर्ग में कु. इकरा 78 प्रतिशत, कक्षा 9-ब में कु. वंशिका प्रजापति 87 प्रतिशत, कक्षा 8-ब में कु. इल्मा नूर 95 प्रतिशत, कक्षा 7-डी में कु. मानवी 95 प्रतिशत, 6 स में कु. दानिया वहीद 95 प्रतिशत, कक्षा 5-ब में कु. अदिति 92 प्रतिशत, कक्षा 4-ब में कु. वैभवी वर्मा 91 प्रतिशत, कक्षा 3-ब में कु. आराध्या शर्मा 95 प्रतिशत, कक्षा 2-अ में कु. मरियम 95 प्रतिशत, कक्षा 1 अ में कु. मरयम ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी ने छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में डाक विभाग ने नगर पालिका की टीम को पराजित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन-4 क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन नगर पालिका टीम व डाक विभाग टीम के बीच मुकाबला हुआ। डाक विभाग टीम ने मैच जीता। मंगलवार को समाजसेवी जैनुल आबेदीन द्वारा झंडारोहण किया गया एवं प्रकृति अग्रवाल, शगुन प्रजापति, मायांशी कश्यप, यशस्वी, ईशानी, परविंदर कौर, इशिका आदि द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद जैनुल आबेदीन द्वारा दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी गई। अंपायर फाजिल अली व संतोष सिंह की निगरानी में दोनों टीम के बीच मैच खेला गया। डाक विभाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया तथा 3 विकेट के नुकसान पर 287 रन बनाकर जीत हासिल की। नगर पालिका टीम 8 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 257 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। नगर पालिका टीम से मनीष 56 बॉल में 106 रन बनाकर फाइटर ऑफ द मैच रहे। एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने सत्यम को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी व मनीष को फाइटर ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी। टूर्नामेंट में मोहम्मद अहसान व सुखदेव सिंह द्वारा मैच की शानदार कमेंट्री की गई। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, अल्ताफ हुसैन, दानिश मंसूरी, विनीत कुमार विक्की, आदित्य विक्की, सरदार जसपाल सिंह, हिना अग्रवाल, विनीता आदि मौजूद रहे। क्रिकेट टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण यूट्यूब के जीटी स्पोर्टस चैनल पर चलाया जा रहा है।



# नूरपुर में जाम की समस्या से निपटने के लिये व्यवस्थित स्ट्रीट जोन बनाने पर विचार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद ने धामपुर चौराहे से शिव मन्दिर चौराहे तक कस्बे के मुख्य बाजार में लगने वाले जाम को दृष्टिगत रखते हुए व्यापार मण्डल, ठेले, खोमचे, फड़ लगाने वाले व अन्य दुकानदारों के साथ जाम की समस्या से निजात पाने के लिए एक बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्रप्रताप सिंह ने की। बैठक में बुध बाजार में खाली पड़े मैदान में खड़े हुए चारपहिया वाहनों को हटाकर ठेले व खोमचे वालों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा करवाते हुए एक व्यवस्थित स्ट्रीट जोन बनाए जाने पर चर्चा की गयी। बैठक में व्यापारी नेता तसलीम अहमद इदरीसी ने कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न



व्यापारियों के साथ बैठक करते चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह।

नहीं होना चाहिए। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा सड़क के डिवाईडर के मध्य खड़े रहने वाले ठेलों को वहां से हटाते हुए दुकानदारों द्वारा अपने सामने बढ़ाकर सामान रखने तथा अपने सामने फड़ लगाए जाने के विरूद्ध नगरपालिका द्वारा दण्डात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग की गई। बैठक में पालिका कर्मचारी, निकाय बोर्ड के नामित सदस्य चौधरी रणवीर सिंह, असलम मलिक, सभासद पति नफ़ीस शेख, पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी तसलीम अहमद इदरीसी, मुकेश भुइयार, गुरनाम सिंह, सरदार रविन्द्र सिंह फड़ व खोमचे वालों के प्रतिनिधि के रूप में दिलशाद, सलीमुद्दीन,अनस उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी संतोष मिश्र ने किया।

# रिज़ल्ट कार्ड के साथ पैसे मिले, मेधावियों के चेहरे खिले




## आर.आर. पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल घोषित

**नूरपुर ( चिंगारी )। आर.आर. पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, डायरेक्टर प्राची गुप्ता, उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।**

प्राथमिक वर्ग में विलेसी कौर, आयुषी यादव व तानिशी चौधरी ने संयुक्त रूप से प्रथम, जूनियर वर्ग में कंगन तथा सीनियर वर्ग में देवांग त्यागी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 2500-2500 रुपए का चैक प्राप्त किया। दूसरी ओर रामरक्षपाल गणित ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करने वाले आयुष कुमार, वैभव राणा, जाह्नवी चौधरी, तनिषी चौधरी, अवनी, मोहम्मद सुल्तान, इप्सिता प्रताप, युवराज सिंह सिसोदिया को 1100-1100 रुपए, अदविक राजपूत, युगम चौधरी, मनदीप सिंह, नितिक दत्त, देवांग त्यागी को 1500-1500 रुपए व सानवी चौहान, अभिनव दत्त, विलेसी कौर, शिवांग राजपूत को 2100-2100 रुपए का चैक देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ अच्छे संस्कार ग्रहण करने चाहिए। स्कूल के चेयरमैन डॉ. मनुजेंद्र गुप्ता ने अपनी-अपनी कक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं भेंट करते हुए कहा कि आप देश की बहुमूल्य धरोहर हैं आपको ही पढ़ लिखकर देश का सर्वांगीण विकास करना है। अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक मेधावी छात्र-छात्राओं को 2000-2000 रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 1500-1500 रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक छात्र-छात्राओं को 1100-1100 रुपए की धनराशि का चैक वितरित किया गया।

अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक मेधावी छात्र-छात्राओं को 2000-2000 रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 1500-1500 रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक छात्र-छात्राओं को 1100-1100 रुपए की धनराशि का चैक वितरित किया गया। इसके अलावा प्राथमिक वर्ग में आराध्या वशिष्ठ, जूनियर वर्ग में तनिष्का चौहान,कंगन, सीनियर वर्ग में युवराज सिंह सिसोदिया को अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 2500-2500 सौ रुपए देकर सम्मानित किया गया।

स्वाति यादव के कुशल संचालन में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल की प्रबंधिका दीपा गुप्ता, चेयरमैन डाक्टर मनुजेंद्र गुप्ता, सरदार रवेन्द्र सिंह, कपिल चौधरी, शाहीन परवीन, रीता त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# राशिद का रेलवे में जेई पद पर चयन



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव पुड्ढा निवासी राशिद का इंडियन रेलवे में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर परिजन काफी उत्साहित हैं। उनका चयन नॉर्दन रेलवे के जम्मू डिवीजन में जूनियर इंजीनियर लेवल 6 के पद पर हुआ है। अब वह सुपरवाइजर ट्रेनिंग सेंटर लखनऊ में 1 वर्षीय प्रशिक्षण लेंगे। प्री और मेंस परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और मेडिकल के बाद ही जॉइनिंग मिलती है। राशिद, पत्रकार फिरोज आलम के ताऊ के होनहार सुपुत्र हैं। उन्होंने मेरठ से पॉलिटेक्निक, बीटेक और एम टैक करने के बाद वहीं नीलकंठ के विश्वविद्यालय में शिक्षण कार्य भी किया। उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम रहा कि उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ। क्षेत्र के पत्रकारों ने शाल ओढ़ाकर एवं फूलमाला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. भानुप्रकाश वर्मा, प्रदेश महामंत्री डॉ. नरेशपाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, पवन चौधरी, डॉ. शमीम अहमद, मौलाना शाहिद, फिरोज आलम, डॉ. श्रवण कुमार गुप्ता आदि पत्रकारों के अलावा भूमि विकास बैंक के चेयरमैन राकेश कुमार, वयोवृद्ध किसान शीशराम सिंह, मा. अहसान, शौपाल सिंह, शाकिर, बाबू खां, जमशेद अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# कार में आये 6 लोगों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला किया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव मिठाई निवासी अर्जुन सिंह ने मंगलवार को पुलिस को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि सोमवार की सुबह समय करीब दस बजे वह अपने घर पर था। इस दौरान उसके घर के सामने एक कार आकर रुकी जिसमें से 6 लोग हरिराज सिंह पुत्र रघुराज सिंह, सोनू, नितिन, हिमांशु, जागेश पुत्रगण हरिराज सिंह व सचिन पुत्र जगतवीर सिंह निवासीगण ग्राम कुंडाखुर्द लाठी-डंडे व तमंचा लेकर निकले और उसके घर में घुस गए। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने लाठी-डंडे से उस पर हमला कर दिया तथा सचिन व जागेश ने जान से मारने की नीयत से दो फायर कर दिये, जिसमें उसकी बेटी बाल-बाल बच गई। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग आ गए, तमंचे की छीना झपटी में उसके पिता के हाथ में चोट लग गई। आरोप है कि जन से मारने की धमकी देते हुए फ़रार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 6 आरोपियों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा लिखे जाने की पुष्टि की है।

# कपड़ा व्यापारी के घर में दिनदहाड़े चोरी

## चोरों ने घर खंगाला, लाखों के जेवर व नकदी चुराई

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े एक कपड़ा व्यापारी का पूरा घर खंगाल डाला और लाखों रुपए के जेवर और नकदी चुराकर रफूचक्कर हो गए। घटना का पता चलते ही जहां पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया, वहीं गांव व क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार थाने से मात्र कुछ दूरी पर हीमपुर दीपा गांव में लाला मुनीश कुमार का आवास है, जहां वह कपड़े और साड़ियों का शोरूम चलाते हैं। उनका एक



पुत्र हिमांशु गांव में परचून की दुकान करता है। मंगलवार को सुबह लगभग 12:30 बजे लाला मुनीश बंसल अपनी पत्नी संगीता और दूसरे पुत्र हर्षित और उसकी पत्नी आयुषी के साथ किसी कार्य से फतेहपुर गांव गए थे। दोपहर लगभग 2:30 बजे जब सभी घर लौटे गेट की खिड़की को उन्होंने खुला पाया। गैलरी में पड़ी चारपाई पर उन्हें रसोई का गैस सिलेंडर भी पड़ा मिला। हड़बड़ाहट में जब वह आंगन में पहुंचे तो वहां एक जालीदार टोपी भी पड़ी मिली। यह देख उनके होश उड़ गए। जब सभी घर के अंदर स्टोरनुमा कमरे में पहुंचे तो वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। सेफ में रखा सभी सामान गायब था। लाला मुनीश के अनुसार सोने की तीन अंगूठी, कानों के तीन जोड़ी टॉप्स, कुंडल, 8 जोड़ी पायल, चांदी के सिक्के और लगभग 70-75 हजार की नगदी चोर चुरा ले गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह दलबल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए फील्ड यूनिट को भी बुलाया गया।

# विरोध के बिना क्यों नहीं जागती व्यवस्था?

## विदुरकुटी की उपेक्षा को लेकर उठ रहे सवाल

-विशेष संवाददाता

**जनपद बिजनौर में एक ऐसी प्रवृत्ति बनती जा रही है, जिसमें किसी भी समस्या की ओर तब तक ध्यान नहीं दिया जाता, जब तक उसके विरुद्ध मुखर स्वर न उठे। गंगा एक्सप्रेस-वे का प्रकरण इसका उदाहरण रहा है। जब तक स्थानीय जनता ने स्वयं आवाज नहीं उठाई, तब तक विषय को वह महत्व नहीं मिला जिसकी अपेक्षा थी। यही स्थिति आज महाभारतकालीन विदुरकुटी के संबंध में भी दिखाई देती है।**


विदुरकुटी केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि जनपद की सांस्कृतिक पहचान और गौरव का केन्द्र है। जनपद में शायद ही कोई ऐसा आयोजन होता हो जिसकी शुरुआत महात्मा विदुर के नाम से न होती हो, किन्तु उनकी तपस्थली की वास्तविक स्थिति अत्यंत निराशाजनक है। परिसर में गंदगी, जर्जर शौचालय, टूटी व्यवस्थाएं और श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव लंबे समय से बना हुआ है। सफाई और मरम्मत का कार्य भी प्राय: तभी दिखाई देता है, जब किसी अधिकारी अथवा विशिष्ट व्यक्ति के आगमन की सूचना होती है।






विडम्बना यह है कि विदुरकुटी के महत्व को स्वयं शासन स्तर पर स्वीकार किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री जी दो बार विदुरकुटी आ चुके हैं और उनके द्वारा इस स्थल के संबंध में महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गईं। गंगा की धारा को विदुरकुटी से जोड़ने तथा संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना जैसी घोषणाएं यह दर्शाती हैं कि शासन स्तर पर भी इस स्थल के महत्व और संभावनाओं को समझा गया। किन्तु वे घोषणाएं अब तक धरातल पर उतरती दिखाई नहीं देतीं। यही सबसे बड़ी वेदना है कि जिन विषयों पर सार्वजनिक मंचों से घोषणा हो चुकी है, वे भी समय के साथ केवल स्मृतियों तक सीमित होते जा रहे हैं।





आज जब प्रदेश में चुनाव निकट हैं, तब यह विषय केवल एक स्थल की उपेक्षा का नहीं, बल्कि जनभावनाओं और जनपद की सांस्कृतिक अस्मिता का प्रश्न बन गया है। विपक्ष यदि चाहे, तो एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाते हुए विदुरकुटी जैसे विषयों को मुद्दा बना सकता है और जनपद के वास्तविक विकास में अपना योगदान दे सकता है। परंतु उससे भी अधिक आवश्यकता इस बात की है कि सत्ता, विपक्ष और प्रशासन- सभी राजनीति से ऊपर उठकर यह सुनिश्चित करें कि विदुरकुटी को वह सम्मान और सुविधाएं प्राप्त हों, जिसकी वह वास्तविक रूप से अधिकारी है।

विदुर के नाम पर योजनाएं, कार्यक्रम और सम्मान तो बहुत हैं, पर अब समय आ गया है कि विदुरकुटी के प्रति भी वही निष्ठा और प्रतिबद्धता दिखाई जाए। अन्यथा यह प्रश्न बना रहेगा कि हमारे लिए केवल नाम महत्वपूर्ण है, या उस विरासत का संरक्षण भी, जिसका नाम हम बार-बार लेते हैं।

# 'रामदूत अतुलित बल धामा। अंजनि-पुत्र पवनसुत नामा॥'

-ज्योतिर्विद श्री विमल जैन
मो. : 09335414722



## श्रीहनुमद् जन्म महोत्सव : 2 अप्रैल, गुरुवार को

'अष्टसिद्धि नौ निधि के दाता। अस बर दीन जानकी माता॥' वानरराज केसरी और माता अंजनी देवी के पुत्र भगवान श्री हनुमान जी का जन्म महोत्सव वर्ष में दो बार मनाने की पौराणिक मान्यता है। प्रथम चैत्र शुक्लपक्ष की पूर्णिमा तिथि तथा द्वितीय कार्तिक कृष्णपक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन मनाया जाता है। हनुमद् जन्मोत्सव के पर्व पर श्रीहनुमानजी की भक्तिभाव, श्रद्धा व आस्था के साथ पूजा-अर्चना करने का विधान है। प्रख्यात ज्योर्तिविद श्री विमल जैन ने बताया कि इस बार चैत्र शुक्लपक्ष की पूर्णिमा तिथि आज 1 अप्रैल, बुधवार को प्रात: 7 बजकर 07 मिनट पर लगी, जो कि अगले दिन 2 अप्रैल, गुरुवार को प्रात: 7 बजकर 42 मिनट तक रहेगी। हस्त नक्षत्र आज 1 अप्रैल, बुधवार को सायं 4 बजकर 18 मिनट से 2 अप्रैल, गुरुवार को सायं 5 बजकर 39 मिनट तक रहेगा। श्रीहनुमान जन्मोत्सव का पावन पर्व 2 अप्रैल, गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दिन पूर्ण श्रद्धा, आस्था व विश्वास के साथ व्रत-उपवास रखकर श्रीहनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से जीवन में वैभव, सुख, समृद्धि, खुशहाली का सुयोग बनता है।



### हनुमानजी को ऐसे करें प्रसन्न

ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि प्रात: ब्रह्म मूहूर्त में अपने दैनिक कृत्यों से निवृत्त हो स्वच्छ (धुले हुए) वस्त्र धारण करना चाहिए। तत्पश्चात अपने आराध्य देवी-देवता की पूजा-अर्चना करके व्रत का संकल्प लेना चाहिए तथा श्रीहनुमान जी के विग्रह को चमेली के तेल या शुद्ध देशी घी एवं सिन्दूर से शृंगारित करके विभिन्न पुष्पों व तुलसी दल की माला से सुशोभित करना चाहिए। इस प्रकार श्रीहनुमान जी को चोला चढ़ाकर उनको नैवेद्य में बेसन व बूंदी का लड्डू, पेड़ा एवं अन्य मिष्ठान्न व भीगा हुआ चना, गुण तथा नारियल एवं ऋतुफल आदि अर्पित कर तत्पश्चात धूप-दीप के साथ उनकी विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना करके श्रीहनुमानजी की आरती करनी चाहिए। भगवान श्रीहनुमान जी की विशेष अनुकम्पा की प्राप्ति के लिए 'ॐ श्री हनुमते नम:' मन्त्र का जप तथा रात्रि जागरण करना चाहिए। उनकी महिमा में विभिन्न स्तुतियां, श्री हनुमान चालीसा, श्री सुंदरकांड, श्री हनुमत् सहस्त्रनाम, श्रीहनुमत् वडवानल स्तोत्र तथा श्रीरामचरित मानस का पाठ करना शुभ फलकारी माना गया है। साथ ही श्रीहनुमानजी से सम्बन्धित मंत्रों का जप आदि करना लाभकारी रहता है। आज के दिन व्रत रखकर भगवान श्री हनुमान जी की विशेष कृपा प्राप्त की जा सकती है।

### धार्मिक व पौराणिक मान्यता

ज्योतिषविद श्री विमल जैन ने बताया कि श्रीहनुमान जी के विराट स्वरूप में इन्द्रदेव, सूर्यदेव, यमदेव, ब्रह्मदेव, विश्वकर्मा जी एवं ब्रह्मा जी की शक्ति समाहित है। शिवमहापुराण के अनुसार पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, सूर्य, चंद्रमा, अग्नि व यजमान- ये आठ रूप शिवजी के प्रत्यक्ष रूप बतलाए गए हैं। श्रीहनुमान जी ब्रह्म स्वरूप भगवान शिव के ग्यारहवें अंश के रुद्रावतार भी माने गये हैं। श्रीहनुमान जी को अमरत्व का वरदान प्राप्त है। ज्योतिषविद श्री विमल जैन ने बताया कि एकाक्षर कोश के मतानुसार हनुमान शब्द का अर्थ है- 'ह' शिव, आनन्द, आकाश एवं जल। 'नु' पूजन और प्रशंसा। 'मा' श्री लक्ष्मी और श्रीविष्णु। 'न' बल और वीरता। भक्त शिरोमणि श्रीहनुमान जी अखण्ड जितेन्द्रियता, अतुलित बलधामा, ज्ञानियों में अग्रणी आदि अलौकिक गुणों से सम्पन्न होने के कारण देवकोटि में माने जाते हैं। श्रीहनुमान जी को अपना रूप बड़े से बड़ा तथा छोटे से छोटा करने की महासिद्धि प्राप्त है। ऐसा माना जाता है कि श्रीहनुमान जी आकाशयान से भी तेज गति से उड़ने की क्षमता रखते हैं। **विशेष :** जिन्हें जन्मकुण्डली के अनुसार शनिग्रह की दशा, महादशा अथवा अन्तर्दशा का प्रभाव हो तथा शनिग्रह की अढ़ैया या साढ़ेसाती का प्रभाव हो, उन्हें श्रीहनुमानजी की विशेष पूजा-अर्चना करनी चाहिए, साथ ही व्रत भी रखना चाहिए। आज के दिन व्रत रखने से भगवान श्री हनुमान जी की विशेष कृपा तो मिलती ही है, साथ ही सर्वसंकटों का निवारण होता है जैसा कि श्रीहनुमान चालीसा में वर्णित है- संकट कटै मिटै सब पीरा। जो सुमिरै हनुमत बलवीरा ऐसी मान्यता है कि श्रीहनुमान जी अपने भक्तों को शुभ मंगलकल्याण का आशीर्वाद प्रदान करते हैं, जिससे उनके जीवन में सुख-समृद्धि का सुयोग बना रहता है।

# भागदौड़ भरी जिंदगी में पीछे छूटती 'अप्रैल फूल बनाया' की परपंरा

-पवन वर्मा

समय के साथ बहुत कुछ बदलता है। तकनीक, जीवनशैली, रिश्तों का स्वरूप और हमारी खुशियां मनाने के तरीके भी। इन्हीं बदलावों के बीच एक ऐसी परंपरा भी धीरे-धीरे धुंधली पड़ती जा रही है, जो कभी हमारी हंसी, शरारत और दोस्ती का सबसे प्यारा हिस्सा हुआ करती थी, अप्रैल 'फूल' बनाया। एक अप्रैल आते ही जो उत्साह, योजना और मासूम शरारतों का दौर शुरू होता था, वह आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में कहीं खो सा गया है। यह केवल एक दिन नहीं था, बल्कि एक एहसास था, दोस्ती का, हंसी का और बेफिक्र बचपन का।

### एक अप्रैल क्यों बना 'अप्रैल फूल' का दिन?

अप्रैल फूल डे की शुरुआत को लेकर कई कहानियां प्रचलित हैं, लेकिन सबसे लोकप्रिय मान्यता 16वीं सदी के यूरोप से जुड़ी है। कहा जाता है कि पहले नये साल की शुरुआत 1 अप्रैल को हुआ करती थी। फ्रांस में 1564 में कैलेंडर में बदलाव हुआ, और नया साल 1 जनवरी से मनाया जाने लगा, तो कुछ लोग इस बदलाव को तुरंत स्वीकार नहीं कर पाए। वे पुराने तरीके से ही 1 अप्रैल को नया साल मनाते रहे। ऐसे लोगों का मजाक उड़ाने के लिए उन्हें 'फूल' कहा जाने लगा और धीरे-धीरे 1 अप्रैल मजाक और शरारत का दिन बन गया। समय के साथ यह परंपरा दुनिया भर में फैल गई और भारत में भी खासकर बच्चों और युवाओं के बीच लोकप्रिय हो गई।

### मासूमियत भरी शरारतों का दिन

अप्रैल फूल का असली मजा उसकी मासूमियत में था। इसमें किसी को चोट पहुंचाना या अपमानित करना नहीं होता था, बल्कि हंसी-ठिठोली के जरिए रिश्तों में मिठास घोलना होता था। यह वह दिन होता था जब छोटे-छोटे झूठ भी मजेदार लगते थे, जब कोई किसी को बेवकूफ बनाता था और फिर हंसते हुए कहता 'अप्रैल फूल' बनाया! इस एक वाक्य में जितनी खुशी और अपनापन छिपा होता था, वह शायद आज के महंगे मनोरंजन में भी नहीं मिल पाता।

### सिनेमा में भी बसा 'अप्रैल फूल'

अप्रैल फूल की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हिंदी सिनेमा में भी इस पर गीत बने। खास तौर पर 'अप्रैल फूल बनाया '.. गीत आज भी लोगों की जुबान पर है। यह गीत उस दौर की मासूम शरारत और प्यार से भरे मजाक की अभिव्यक्ति थी, जिसमें नाराजगी तो होती है, लेकिन उसमें भी एक मिठास छिपी होती है। यह गाना बताता है कि मजाक और भावनाएं




किस तरह साथ-साथ चलती हैं। थोड़ा गुस्सा, लेकिन उससे ज्यादा अपनापन।

### 1990 का दौर : जब 'फूल' बनाना मिशन होता था

अगर 1990 के दशक की बात करें, तो अप्रैल फूल एक दिन नहीं, बल्कि एक पूरा 'मिशन' हुआ करता था। स्कूल में पढ़ते समय 31 मार्च से ही योजना बननी शुरू हो जाती थी, किसे फूल बनाना है, कैसे बनाना है और कौन क्या भूमिका निभाएगा? दोस्तों का एक छोटा सा समूह बन जाता था, जिसमें हर कोई अपनी जिम्मेदारी निभाता था। कभी किसी दोस्त से कहा जाता कि प्रिंसिपल ने बुलाया है, तो कभी यह कि आज छुट्टी है। कोई नकली खबर फैलाता, तो कोई उसे सच साबित करता और जैसे ही सामने वाला फंसता, सब एक साथ हंसते हुए कहते 'अप्रैल फूल' इन शरारतों में जो आनंद था, वह आज की डिजिटल दुनिया में कम ही देखने को मिलता है।

### कॉलेज के दिन : शरारतों का नया अंदाज

कॉलेज पहुंचने के बाद भी यह परंपरा जारी रही, बस उसका स्वरूप थोड़ा बदल गया। अब मजाक थोड़ा ज्यादा 'क्रिएटिव' हो गया था। किसी को फर्जी सूचना देना, किसी को गलत जगह भेज देना या दोस्तों के साथ मिलकर हल्की-फुल्की साजिश रचना। इन सबके बीच जो चीज सबसे अहम थी, वह यह थी, कि दोस्ती और साथ में हंसने का आनंद।

### बदलता समय और पीछे छूटती परंपरा

आज की जिंदगी में यह सब कहीं पीछे छूट गया है। भागदौड़, काम का दबाव और मोबाइल की दुनिया ने हमें इतना व्यस्त कर दिया है कि ऐसे छोटे-छोटे उत्सवों के लिए समय ही नहीं बचता। अब अप्रैल फूल सोशल मीडिया तक सीमित हो गया है, जहां मजाक में वह आत्मीयता नहीं होती, जो आमने-सामने की हंसी में होती थी।

### क्यों जरूरी है 'अप्रैल फूल'?

यह सिर्फ मजाक का दिन नहीं है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि जीवन में हल्के-फुल्के पल कितने जरूरी हैं। यह हमें सिखाता है कि बिना किसी को चोट पहुंचाए भी खुशी बांटी जा सकती है। कि हंसी रिश्तों को मजबूत बनाती है। 'अप्रैल फूल बनाया' केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि हमारी यादों का एक हिस्सा है। आज जरूरत है कि हम इस परंपरा को फिर से जिंदा करें। भले ही छोटे स्तर पर, लेकिन उसी भावना के साथ। तो शायद अगली 1 अप्रैल को हम भी किसी अपने को हल्के-फुल्के अंदाज में 'फूल' बनाएं और फिर मुस्कुराते हुए कहें, अप्रैल फूल बनाया! और हो सकता है, सामने वाला थोड़ा सा गुस्सा दिखाए, ठीक वैसे ही, जैसे उस पुराने गाने में कहा गया था, 'अप्रैल फूल बनाया, तो उनको गुस्सा आया'।

(विनायक फीचर्स)



# ..संकल्प की परीक्षा अभी बाकी है

- दिगम्बर सिंह

संघ लोक सेवा आयोग और राज्य लोक सेवा आयोग के हाल ही में घोषित परिणामों में चयनित सभी प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि परिवार, समाज और उन अनगिनत सपनों की जीत है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े हौसलों के साथ देखे गए थे।




इन सफल युवाओं में अधिकांश वे हैं, जो मध्यमवर्गीय या साधारण परिवारों से आते हैं। संघर्ष, अभाव और एक बेहतर समाज की चाह- इन्हीं भावनाओं ने उनके भीतर सेवा का बीज बोया और उसे लक्ष्य तक पहुंचाया। यही वह 'दर्द' था, जिसने उन्हें रातों की नींद त्यागने, असफलताओं से लड़ने और अंतत: इस मुकाम तक पहुंचने की शक्ति दी। लेकिन यहीं से एक महत्वपूर्ण प्रश्न जन्म लेता है- क्या यह दर्द, यह संवेदना, यह सेवा-भावना पद और प्रतिष्ठा की चकाचौंध में कहीं खो तो नहीं जायेगी? क्योंकि अक्सर देखने में आता है कि जो युवा कभी बदलाव का सपना लेकर आगे बढ़ते हैं, वही सिस्टम का हिस्सा बनकर उसी व्यवस्था में ढल जाते हैं, जिसे बदलने का संकल्प लेकर चले थे। यह सत्य है कि कोई भी व्यक्ति जन्म से न तो बेईमान होता है, न ही संवेदनहीन। उसे गढ़ता है उसका परिवेश, उसका अनुभव और उसके सामने उपस्थित चुनौतियां। ऐसे में यह और भी आवश्यक हो जाता है कि जो युवा आज प्रशासनिक सेवा में प्रवेश कर रहे हैं, वे अपने मूल उद्देश्य को कभी न भूलें- सेवा, न कि सत्ता। इसी संदर्भ में नजीबाबाद के पूर्व उपजिलाधिकारी तथा वर्तमान में मथुरा में अपर जिलाधिकारी के रूप में कार्यरत पंकज कुमार वर्मा का उदाहरण अत्यंत प्रेरणादायक है। प्रशासनिक दायित्वों के बीच भी वे समय निकालकर बच्चों को नि:शुल्क पढ़ाते हैं और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करते हैं। इस वर्ष भी उनके मार्गदर्शन में पढ़ रहे 16 बच्चों का यूपी पीसीएस में चयन होना इस बात का प्रमाण है कि यदि इच्छा शक्ति और सेवाभाव सच्चा हो, तो प्रशासनिक पद भी समाज निर्माण का सशक्त माध्यम बन सकता है। जब उनसे बातचीत होती है, तो वे सरल शब्दों में कहते हैं- 'मैं चाहता हूं कि प्रशासनिक सेवा के साथ-साथ अन्य सेवाओं में जाने वाले युवा ईमानदारी से काम करें। मैं उसी सोच का बीज बोने की कोशिश कर रहा हूं।' यह सोच केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम को दिशा देने वाली प्रेरणा है। गांव की वह मिट्टी, वह संघर्ष, वह अभाव- यही उनकी असली पूंजी है। यदि वही स्मृति जीवित रही, तो निर्णयों में संवेदनशीलता बनी रहेगी और यदि वही खो गई, तो कुर्सी केवल अधिकार का माध्यम बनकर रह जाएगी। तमाम अधिकारियों के नाम ईमानदारी के लिए जाने जाते हैं, सेवाभाव के लिए जाने जाते हैं। उनके उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन तमाम लोग भ्रष्टाचार के लिए जाने जाते हैं, मैनेजमेंट के लिए जाने जाते हैं। आज के इस आर्थिक और प्रतिस्पर्धी युग में जब भ्रष्टाचार एक चुनौती बनकर खड़ा है, तब इन नवचयनित अधिकारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि वे ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करें, तो न केवल व्यवस्था में सुधार संभव है, बल्कि समाज में विश्वास भी पुनर्सथापित हो सकता है। यह समय केवल बधाई देने का नहीं, बल्कि एक अपेक्षा रखने का भी है कि ये युवा अधिकारी अपने पद को 'सेवा' के रूप में स्वीकार करें, न कि 'अहंकार' के रूप में। वे अपने निर्णयों में निष्पक्ष रहें, अपने व्यवहार में विनम्र रहें और अपने उद्देश्य में अडिग रहें। अंत में, परमपिता परमात्मा से यही प्रार्थना है कि इन सभी सफल युवाओं को इतना मानसिक बल और नैतिक साहस प्रदान करें कि वे अपने कर्तव्य पथ से कभी विचलित न हों। वे देश, समाज और विशेष रूप से उन लोगों के लिए कार्य करें, जिनके लिए यह व्यवस्था सबसे अधिक मायने रखती है।

## आज का विचार

# आज 2 अप्रैल है

आज बड़े सवेरे पत्नी ने चाय पर बुलाते हुए पूछा, बाबू ....आज 2 अप्रैल है ना। मैं चौक गया, कल 31 मार्च थी, फिर आज 2 अप्रैल कैसे हो गई। मैंने मैडम की बात काट दी, नहीं जी आज 2 अप्रैल नहीं है आज तो..... मैं आगे कुछ बोल पाता पत्नी ने मेरी बात हमेशा की तरह काट दी, नहीं कैलेंडर में देखकर आप बताओ आज बुधवार है और 2 अप्रैल है। दिन तो पत्नी ने सही बताया आज बुधवार है, लेकिन तारीख गलत बता रही है। मजबूरीवश मुझे दीवार पर टांगे कैलेंडर तक जाना पड़ा। देखो आज 1 अप्रैल है तुम 2 अप्रैल को क्यों बता रही हो। तुम्हें मूर्ख बना रही थी, मुझे तो पता था आज 1 अप्रैल है। अप्रैल फूल बनाने का मन था तुम्हें। इतना कहकर मैडम जोर-जोर से हंसने लगीं। हम खिसियाए से चाय पीने लगे। दिमाग का दही जम गया था। पत्नी ने सवेरे-सवेरे ही आज मूर्ख जो बना दिया था।

कुछ देर बाद मोबाइल पर बातें करने के बाद में पत्नी से बोला, सुनो आज मम्मी-पापा आ रहे हैं। वो समझी उसके आ रहे हैं, सो खुशी से उछल पड़ी, लाओ-लाओ जरा बात तो कराओ। अरे तुम्हारे नहीं, मेरे माता-पिता आ रहे हैं। पत्नी का जोश एकदम ठंडा पड़ गया। उबल रहे दूध की गैस बंद कर देने के बाद दूध जैसे नीचे बैठने लगता है, वैसी स्थिति श्रीमती जी की जो हो गई थी। मैं बोला अप्रैल फूल मैडम आपकी मम्मी-पापा आ रहे हैं मेरे नहीं।

आज हम दोनों ने एक-दूसरे का मूर्ख बनाकर इस मूर्ख परंपरा का पूरा आनंद उठाया ।

### 1 अप्रैल मूर्ख दिवस का इतिहास

अप्रैल फूल हर वर्ष 1 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे से शरारत भरी मजाक करते हैं। मूर्ख बनाते हैं। फ्रांस में 16वीं सदी तक नया साल 1 अप्रैल को ही मनाया जाता था, जो बाद में बदलकर 1 जनवरी कर दिया गया, लेकिन वहां के बहुत से लोग 1 अप्रैल को ही नया वर्ष मनाते रहे, तो ऐसे लोगों का मजाक उड़ाया जाने लगा। अन्य लोग उन लोगों को अप्रैल फूल कहने लगे।



### भारत में अप्रैल फूल की परंपरा

**बसंत ऋतु इस परंपरा के लिए बहुत मायने रखती है । मौसमी परिवर्तन में कभी गर्मी, कभी ठंडा, कभी धूप, कभी छांव, कभी तेज हवाएं और कभी उमस भरी गर्मी। लोग मानते हैं कि प्रकृति भी अप्रैल में मजाक करती है, सो लोग भी एक-दूसरे से शरारत भरा व्यवहार करने लगे। इतना ही नहीं अखबार और सोशल मीडिया पर भी मजेदार नकली समाचार या घटनाएं देखने पढ़ने को मिलने लगीं। हमें बस इतना ध्यान रखना चाहिए कि किसी का अप्रैल फूल बनाते समय, उसके मान-सम्मान पर चोट ना पहुंचे।**

**-सत्यराज**

# भारी गहमागहमी और उठापटक के बीच हुआ जिला बार एसोसिएशन का चुनाव

## चौधरी राजेन्द्र कुमार अध्यक्ष, मनोज सेठी महासचिव चुने गये





बिजनौर (चिंगारी)। भारी गहमागहमी और उठापटक के बीच हुए जिला बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी बिजनौर के चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी राजेन्द्र कुमार अध्यक्ष चुने गये। संदीप कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा मनोज सेठी महासचिव निर्वाचित हुए। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद विजयी प्रत्याशियों विशेष रूप से चौधरी राजेन्द्र कुमार के समर्थकों ने खूब जश्न मनाया।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार कल भारी उठापटक के बीच मतदान हुआ। एल्डर्स कमेटी के सदस्य नरेन्द्र सिंह राजपूत ने अधिवक्ता राजेन्द्र सिंह टिकैत को चुनाव अधिकारी नामित किया। उनके निर्देशन में मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। इस बीच बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव कुमार गौड़ द्वारा का पत्र वायरल होने से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई, लेकिन मतदान जारी रहा। शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। तत्पश्चात मतगणना शुरू हुई, जो रात्रि लगभग 10 बजे तक चली।

घोषित परिणाम के अनुसार राजेन्द्र कुमार अध्यक्ष, संदीप कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, तुषार चौधरी कनिष्ठ उपाध्यक्ष, मनोज कुमार सेठी महासचिव, कविता चौधरी कोषाध्यक्ष, मोहित मलिक संयुक्त सचिव प्रशासनिक, वंदना आजाद सांस्कृतिक मंत्री तथा नितिन कुमार संयुक्त सचिव लाइब्रेरियन चुने गये। उधर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे इसरार राजा तथा महासचिव पद के उम्मीदवार कोमल सिंह गुलसिताब ने चुनाव प्रक्रिया से हटने की घोषणा कर दी थी।

### नियमानुसार सम्पन्न हुआ चुनाव- नरेन्द्र सिंह

एल्डर्स कमेटी के वरिष्ठ सदस्य नरेन्द्र सिंह एडवोकेट ने एक प्रेस नोट में बताया कि जिला बार एसोसिएशन का चुनाव नियमानुसार सबकी सहमति से सम्पन्न कराया गया है, जो वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मपाल सिंह व अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थिति में सम्पन्न कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में ओमेन्द्र सिंह एडवोकेट वरिष्ठ सदस्य एल्डर्स कमेटी ने भी अपनी सहमति दूरभाष पर दी थी तथा समस्त प्रत्याशियों की सहमति से राजेन्द्र सिंह टिकैत एडवोकेट को चुनाव सम्पन्न कराने के लिये मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। उनके सहयोग के लिये अतुल विक्रम सिंह एडवोकेट को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। श्री नरेन्द्र सिंह ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया है।

### अधिवक्ताओं के लिये खून का आखिरी कतरा भी बहा दूंगा- राजेंद्र

जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र कुमार ने सभी अधिवक्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि जो भरोसा अधिवक्ताओं ने उन पर दिखाया, उस पर शत-प्रतिशत खरा उतरेंगे। अधिवक्ताओं के मान-सम्मान को वे हर कीमत पर बनाये रखेंगे। उन्होंने कहा कि वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करेंगे तथा आवश्यकता होने पर वे अपने खून का आखिरी कतरा बहाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने शांतिपूर्वक चुनाव कराने के लिए एल्डर्स कमेटी के वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र सिंह राजपूत, मुख्य चुनाव अधिकारी राजेंद्र सिंह टिकैत, सह चुनाव अधिकारी अतुल विक्रम सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह तथा धर्मपाल सिंह एडवोकेट का धन्यवाद करते हुए कहा कि कुछ लोग उनके चुनाव लड़ने से विचलित थे, इसलिए वे चुनाव कराना नहीं चाहते थे, लेकिन इन लोगों ने अधिवक्ताओं की भावना का ध्यान रखते हुए शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराया, जिसके लिए वे उनके आभारी हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न हुआ है।

## आज के डिजिटल युग में तकनीकी ज्ञान आवश्यक- प्रो. शोराज सिंह

**धामपुर (चिंगारी)।** आरएसएम. (पी.जी.) कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. रश्मि रावल शर्मा व नेतृत्व संयुक्त रूप से कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ (छात्र इकाई) एवं डॉ. सुमेधा चौहान (छात्रा इकाई) ने किया।



शिविर 'डिजिटल साक्षरता : सुरक्षित समाज की नींव' एवं 'मिशन शक्ति अभियान' थीम पर आधारित रहा। कार्यक्रम में प्रो. शोराज सिंह ने कहा कि आज के डिजिटल युग में प्रत्येक व्यक्ति के लिए तकनीकी ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। डिजिटल साक्षरता न केवल लोगों को जागरूक बनाती है, बल्कि उन्हें साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने में भी मदद करती है। प्राचार्य प्रो. रश्मि रावल शर्मा ने कहा कि स्वयंसेवकों को स्वावलंबन, सम्मान और सुरक्षा के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए, क्योंकि ये किसी भी सशक्त समाज की आधारशिला होते हैं। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य न केवल महिलाओं और युवाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना भी है। शिविर में महिला सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मीमलता गौतम एवं स्पर्धा, द्वितीय स्थान अफिया खातून एवं वंशिका गौतम, तृतीय स्थान तनु रानी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश कटियार, डॉ देवेश पाठक, सुंदर सिंह बिष्ट उपस्थित रहे।

## जिन्होंने प्राप्त किया प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान विद्यालय के उन भैया-बहनों का किया गया सम्मान

**धामपुर (चिंगारी)।** विद्या भारती से सम्बद्ध मां शान्ति बाई सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज जैतरा में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप अनिलेश बहादुर (अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ।



विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. इन्द्रवीर सिंह कहा कि इस वर्ष हमारे विद्यालय का परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहा है। विद्यालय के छात्रों ने न केवल अकादमिक क्षेत्र में, बल्कि खेलकूद, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं और अनुशासन में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद स्तर पर विद्यालय का मान बढ़ाया है। शिक्षकों के कठिन परिश्रम और अभिभावकों के निरंतर सहयोग से ही हम शिक्षण पद्धति में आधुनिकता और संस्कारों का समावेश कर पाए हैं। इस अवसर पर कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या श्रीमती हिमानी राठी ने किया।

## सुरेश सैनी को सम्मानित किया

**धामपुर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा धामपुर मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें धामपुर के सुरेश सैनी (सोनी) व सोहित सैनी को मंडल मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिस उपलक्ष में श्री श्याम नवयुवक सैनी संगठन धामपुर के श्याम प्रेमियों ने सुरेश सैनी (सोनी) के आवास पर पहुंच कर फूलमाला व पटके पहनाकर भव्य स्वागत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। श्याम प्रेमियों में नीरज सैनी, ललित सैनी भोजनालय, मोहित सक्सेना, दीपक कुमार, विजय ठाकुर, नौबाहार सिहं, राजेंद्र सैनी (नटराज अखाड़ा गुरु), ललित सैनी(LIC), विपिन कुमार मौजूद रहे।



# विद्यार्थियों ने आईएसआरओ व गुच्चू पानी देहरादून का किया शैक्षणिक भ्रमण



शैक्षणिक भ्रमण में शामिल विद्यार्थी व टीचर्स।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नार्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेज से बीटेक व बीसीए संस्थान के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने आईएसआरओ इंडियन इंस्टीट्यूट देहरादून एवं गुच्चू पानी का भ्रमण किया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक वातावरण से परिचित कराना तथा उनके ज्ञान को व्यावहारिक रूप से विकसित करना था। भ्रमण के दौरान सबसे पहले विद्यार्थियों ने आईएसआरओ (आईआईआरएस), देहरादून का दौरा किया, जहां विशेषज्ञों द्वारा रिमोट सेंसिंग, सैटेलाइट तकनीक, भू-स्थानिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) तथा अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों, अनुसंधान कार्यों एवं अंतरिक्ष विज्ञान के विभिन्न उपयोगों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान छात्रों ने वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं एवं शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन भी किया, जिससे उनमें विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। विद्यार्थियों ने देहरादून के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुच्चू पानी का भ्रमण किया। प्राकृतिक गुफाओं, ठंडे जल स्रोतों एवं मनोरम वातावरण ने विद्यार्थियों को विशेष रूप से आकर्षित किया। विद्यार्थियों ने प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हुए समूह गतिविधियों में भाग लिया तथा इस यात्रा को यादगार बनाया। नार्थ इण्डिया ग्रुप ऑफ कालेजेस के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल एवं टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाये देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. शिवानी चौहान ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं मनोरंजक साबित हुआ। शैक्षणिक भ्रमण कंप्यूटर साइंस के शिक्षक विवेक कुमार, निकुंज वर्मा, श्वेता, कमल कुमार, अनीता रावत के मार्गदर्शन में सफल हुआ।

# नामदेव समाज के संयम वर्मा के पीसीएस परीक्षा में सफलता से हर्ष की लहर



नजीबाबाद (चिंगारी)। नामदेव समाज, नजीबाबाद के मनोज कुमार टांक (राजस्व निरीक्षक) के सुपुत्र संयम वर्मा नामदेव ने पीसीएस परीक्षा में 37 वीं रैंक प्राप्त कर समाज व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस बड़ी उपलब्धि से नजीबाबाद नगर व नामदेव समाज में हर्ष की लहर है। संयम वर्मा की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समाज के लोगों ने कहा कि उनकी कड़ी मेहनत, परिश्रम व मृदुभाषी स्वभाव का ही यह सुखद परिणाम है। इस अवसर पर नामदेव कमेटी, नजीबाबाद द्वारा नामदेव धर्मशाला एवं शिव मंदिर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संयम वर्मा नामदेव को सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से मदन गोपाल टांक अध्यक्ष नामदेव समाज नजीबाबाद, मनोज कुमार, पीयूष टांक, गौरव वर्मा नामदेव, सोनू आदित्य, सुशील टांक अध्यक्ष सरकारी सस्ता गल्ला संघ नजीबाबाद, कैलाश सैनी, तरुण, विनय व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संयम वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि उनकी सफलता के पीछे उनके माता-पिता व गुरुजनों का योगदान है। उनका चयन डिप्टी जेलर के पद पर हुआ है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 12 तक सेंट मैरी स्कूल से हुई है, इसके बाद उन्होंने काइट्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन गाजियाबाद से स्नातक किया था। उन्होंने कहा कि पीसीएस में अपनी तैयारी कर रहे नए युवाओं को एनसीआरटी की किताबों से तैयारी करनी चाहिए तथा कठिन परिश्रम कर हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। सफलता आपको निश्चित ही मिलेगी।

# सौम्या त्यागी ने डांस कम्पटीशन में दूसरा स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र की छोटी बिटिया सौम्या त्यागी ने किसमें कितना है दम कार्यक्रम डांस कम्पटीशन में दूसरा स्थान प्राप्त कर मंडावली क्षेत्र के साथ जनपद बिजनौर का नाम रोशन किया है। मंडावली क्षेत्र के ग्राम रामनगर निवासी अमित कुमार त्यागी की 10 वर्षीय बेटी सौम्या त्यागी जो कि सेंट मैरिस इंटर कॉलेज मंडावली में कक्षा 4 में पढ़ती है। 26 मार्च को रयत बहारा यूनिवर्सिटी चंडीगढ़, मोहाली में आयोजित कार्यक्रम किसमें कितना है दम के ग्रैंड फिनाले टैलेंट का महासंग्राम में डांस कम्पटीशन में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में देश के कोने कोने से कई राज्यों से डांस कम्पटीशन में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इससे पूर्व में केकेडी की टीम के द्वारा अन्य राज्यों के जनपदों की तरह जनपद बिजनौर में भी कई स्कूल, कॉलेज में डांस कम्पटीशन के लिए बच्चों का सलेक्शन किया गया। डांस कम्पटीशन के चार राउंड किरतपुर में 2, रायपुर सादात में 1 व कोटद्वार में 1 राउंड कुल 4 राउंड आयोजित किए गए। सभी बच्चों में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सौम्या त्यागी का सलेक्शन किया गया। सौम्या त्यागी ने चंडीगढ़ में आयोजित प्रतियोगिता में फाइनल राउंड में डांस प्रस्तुत कर सभी ऑडियंस को अपनी तरफ आकर्षित किया। ये कार्यक्रम टीवी पर कई चैनलों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। सौम्या त्यागी की मां निधि त्यागी व पिता अमित कुमार त्यागी ने बताया कि सौम्या को बचपन से ही डांस करने का शौक है। इसके अलावा आर्ट में भी विशेष रुचि है। सौम्या त्यागी के परिजन डॉ. विपुल त्यागी, मोहित त्यागी, डॉ. ओमेश त्यागी, निशांत त्यागी, रेशु त्यागी सहित सेंट मैरिस इंटर कॉलेज मंडावली के प्रबंधक फादर जोस आलूकल, प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी, शिक्षक साक्षी, आलोक त्यागी, रविकांत वर्मा, शिवओम राजपूत, पंकज सिंह, द्विजेंद्र त्यागी आदि शिक्षकों ने सौम्या को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।


डॉस कम्पटीशन में सम्मानित किये गये बच्चे।

# शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर, महिलायें बैठीं धरना देकर

मंडावली/नजीबाबाद। मंडावली क्षेत्र के ग्राम जटपुरा में शराब की दुकान को हटाने के विरोध में आज सुबह महिलाओं ने दुकान के सामने धरना प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि लोग शराब पीकर रास्ते में गाली गलौच करते है तथा महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करते है। महिलाओं ने एसडीएम नजीबाबाद को शिकायती पत्र देकर शराब की दुकान हटाने की मांग करते हुए कहा कि आबादी क्षेत्र से कही और शराब की दुकान खोली जाये। कार्यवाही नहीं होने पर महिलाओं के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। महिलाओं ने कहा शराब की दुकान आबादी क्षेत्र में है, आस पास घर है जिसका असर उनके परिवार पर पड़ रहा है। धरना प्रदर्शन में मीरा, भूरी, लक्ष्मी, पूनम, बबीता, सोनम, अनिता, डोली आदि महिलाएं रही। धरना प्रदर्शन की सूचना पर मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पहुंचे और महिलाओं को समझा कर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया।





## आईएचएमएस कोटद्वार में 36 गुरुजनों को मिला लॉट सूबेदार बलभद्र सिंह नेगी शिक्षक सम्मान 2026

# अब 'गुरू' का स्थान 'गूगल' ने ले लिया : डा. अनिल जोशी

**कोटद्वार ( चिंगारी )। इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज ( आईएचएमएस ) की ओर से गढ़वाल राइफल्स के संस्थापक लॉट सूबेदार बलभद्र सिंह नेगी की स्मृति में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 36 शिक्षकों को 'लॉट सूबेदार बलभद्र सिंह नेगी शिक्षक सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया।**

बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस कॉलेज के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह का बतौर मुख्य अतिथि प्रख्यात पर्यावरणविद् पद्मभूषण व पद्मश्री डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, संस्थान के एमडी बीएस नेगी, ईडी अजयराज नेगी और डायरेक्टर एडमिन ले. कर्नल बीएस गुसाईं ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके बाद संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने डॉ. अनिल प्रकाश जोशी को सम्मानित किया। अपने संबोधन में डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि वर्तमान में छात्रों और शिक्षकों का रुख बदल चुका है। आज गुरु का स्थान गूगल ने ले लिया है। नई पीढ़ी शिक्षकों के लिए चुनौती बनी हुई है। इस पीढ़ी को



प्रकृति की समझ नहीं है, तभी प्रकृति बिगड़ी हुई है। और जब प्रकृति बिगड़ती है तो वह विकराल रुप लेती है। जिसका खामियाजा समाज को भुगतना पड़ता है। ऐसे में नई पीढ़ी का क्या रुख होगा, यह शिक्षकों की भूमिका तय करेगी। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों का उचित मार्गदर्शन करते हुए उन्हें प्रकृति से जोड़ने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए आठ प्रधानाचार्यों और विभिन्न सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों में बेहतर शिक्षा दे रहे 36 शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह का संचालन कॉलेज के जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल और काउंसलर सोनिया कुमारी बिष्ट ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, एडमिशन इंचार्ज विजय पंत, काउंसलर श्रुति नेगी सहित कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

### इन शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**प्रधानाचार्य नितिन भाटिया, प्रधानाचार्य चंदन सिंह नकोटी, प्रधानाचार्य पुष्पा धस्माना, प्रधानाचार्य सुषमा दास, प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र कुकरेती, उपप्रधानाचार्य अनिल बिंजोला, उप प्रधानाचार्य वीना रावत, उप प्रधानाचार्य रेखा देवी, प्रवक्ता अमित सिंह, राहुल भाटिया, संगीता देवरानी, आभा बडोला, नंदनी पांडेय, दीपक सिंह बिष्ट, मकबूल अहमद, पूनम पुंडीर, कल्पना खंतवाल, आलोक रावत, सुधीर चंद्र पांडेय, मुकेश भंडारी, हिमांशु द्विवेदी, शंकर बहादुर, विवेक सनवाल, ब्रिजेश उपाध्याय, गिरीश राणा, नीरज कुमार कमल, मधु जोशी, राकेश मोहन ध्यानी, उषा चौधरी, नीरज खत्री, कांती धस्माना, भूपेंद्र सिंह, लवली धीमान, अमन कुमार अग्रवाल, गौतम जैन, राम सिंह चौहान और प्रदीप भट्ट को सम्मनित किया गया।**

## घर में घुसकर की छेड़छाड़, मुक़दमा दर्ज

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम तिसोतरा निवासी एक दलित महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि शाम के समय जब वह अपने घर पर खाना बना रही थी, तो गांव का ही निवासी झड़िया पुत्र घनश्याम उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता द्वारा विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देने लगा तथा लगातार छेड़छाड़ करता रहा। शोर मचाने पर गांव के कई व्यक्ति आ गये, जिन्होंने उसे छुड़ाया। आरोप है कि आरोपी ने अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी झड़िया के विरुद्ध बीएनएस तथा अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। आरोपी को हिरासत में ले लिया था।

## गायत्री देवी शिक्षण संस्थान का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**स्योहारा ( चिंगारी )।** मंगलवार को हिंदू चौधरियान स्थित गायत्री देवी शिक्षण संस्थान में वार्षिक परीक्षाफल कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना से की गई। घोषित परीक्षाफल में कक्षा नर्सरी में धनुश्री, आरव प्रथम, द्वितीय, रमशा परवीन, विराज तृतीय, जोहान, विशु सैनी एलकेजी कक्षा में फाविया फैसल, नक्श प्रथम, द्वितीय श्रेयानशी, मोहम्मद तल्हा तृतीय नैन्सी, जुनेरा, मोहम्मद आरिश यूकेजी कक्षा में अब्दुल वाशिद, रसिका अग्रवाल प्रथम, अनबिया, माघव द्वितीय, ध्रुव, ऋषभ सैनी तृतीय, कक्षा नर्सरी से यूकेजी के टॉपर अब्दुल वासिद रहे। कक्षा एक में हुजैफा, मोहम्मद अयाज प्रथम, यशिका, इनाया, सिद्धार्थ, फायजा द्वितीय और हार्दियांश, अनन्या, त्रिशया रस्तौगी, परिधि तृतीय, कक्षा दो में अलीना परवीन, अनाबिया प्रथम, राघव, इनाया द्वितीय और ज्योति, भव्या तृतीय, कक्षा तीन में गौरी, सिद्धार्थ प्रथम, कुमारी निधि, तन्मय विश्वकर्मा, जानवी द्वितीय,




उमराह, अरनब, हेमन्त, अलिजा तृतीय, कक्षा चार में मोहम्मद मुईज, हुदा सिद्दीकी प्रथम, इफरा सिद्दकी, वान्या द्वितीय, रोशनी सैनी, नमामि रस्तौगी तृतीय, जबकि कक्षा पांच में आलिया, द्वितीय वेदिका, तृतीय स्थान पर नमन कुमार, अजरा वैष्णवी पर रही।

## बिजली विभाग के संविदाकर्मी की सड़क हादसे में मौत

**स्योहारा ( चिंगारी )।** मंगलवार की देर रात सड़क हादसे में बिजली विभाग के संविदाकर्मी की मौत हो गयी, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम को भेज जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी 22 वर्षीय विनीत पुत्र महिपाल उमरपुर क्षेत्र में बिजली के बिल निकालने का कार्य करता था। मंगलवार को वह उमरपुर क्षेत्र से वापस अपने घर आ रहा था कि दक्ष स्कूल के पास उसकी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गयी, जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**8 मार्च को हुई थी शादी:** मृतक विनीत की शादी गत 8 मार्च को क्षेत्र के गांव लाम्बाखेड़ा निवासी मुखराम की बेटी सीमा से हुई थी। दोनों परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। विनीत की तीन बहनें व एक भाई हैं, वह दो बहनों से छोटा था। पिता की घर चलाने में मदद करता था। विनीत के पिता का कहना है कि जांच होनी चाहिए कि वह खुद गया था या किसी ने उसे बुलाया था।

## वसीर कर रहा मुझे ब्लैकमेल कप्तान साहब उसे भेजो जेल

### महिला की गुहार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** एक महिला ने दूसरे सम्प्रदाय के व्यक्ति पर बहला-फुसलाकर प्रेमजाल में फंसाकर अश्लील वीडियो बना लेने, वायरल करने की धमकी देते हुए मिलने के लिये बुलाने तथा धर्म-परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव डालने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। नांगल थानांतर्गत एक ग्राम की निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि वह नजीबाबाद के एक हॉस्पिटल में सफाई का कार्य करती थी। वसीर उर्फ वसील निवासी नयागांव, थाना मंडावली के ऑटो से घर आती-जाती थी। वसीर ने उसे बहला-फुसलाकर दोस्ती की और अपने प्रेमजाल में फंसाकर उसकी अश्लील वीडियो बना ली। पीड़िता का कहना है कि उसे उक्त वीडियो की जानकारी हुई, तो उसने आरोपी से विरोध प्रकट किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे मिलने को बुला रहा है तथा गाली-गलौच कर रहा है। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी वसीर उसे धर्म-परिवर्तन कर निकाह करने लिये बाध्य कर रहा है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने आरोपी वसीर उर्फ वसील के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## गैस आपूर्ति प्रणाली को पारदर्शी बनाने के मद्देनजर पूर्ति विभाग की टीमों ने जांच की गैस गोदामों पर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जनपद में एलपीजी गैस आपूर्ति प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने तथा अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशानुसार मंगलवार को पूर्ति विभाग की टीमों द्वारा व्यापक स्तर पर औचक निरीक्षण अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत कुल 40 प्रतिष्ठानों की जांच की गयी, जिनमें 6 गैस गोदाम, 3 पेट्रोल पंप एवं 31 व्यावसायिक प्रतिष्ठान सम्मिलित रहे। टीम में कोटद्वार क्षेत्र में 2 गैस गोदाम, 1 पेट्रोल पंप तथा 1 व्यावसायिक प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। दुगड्डा में 4 प्रतिष्ठानों की जांच हुई, जबकि कोट-खोलाचौरी में 1 गैस गोदाम एवं 5 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। पाबौ में 13 एवं नौगांवखाल में 8 प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इसी क्रम में लक्ष्मणझूला एवं उफरैंखाल में 1-1 गैस गोदाम, थलीसैंण में 1 गैस गोदाम तथा 1 पेट्रोल पंप और चाकीसैंण में 1 पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया गया। श्रीनगर क्षेत्र में 2 गैस गोदाम, 1 पेट्रोल पंप एवं 1 व्यावसायिक प्रतिष्ठान की जांच की गयी। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी



बनाए रखने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण नियमित रूप से किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां भी किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाएगी, वहां तत्काल प्रभाव से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एकेएम इंटर कालेज का परीक्षा परिणाम घोषित

**नगीना ( चिंगारी )।** एकेएम इंटर कॉलेज में नर्सरी से कक्षा 11 तक के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी खुर्शीद कुरैशी व संचालन डॉक्टर आलमगीर काजमी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए शिक्षाविद् परवेज़ आदिल माही ने बच्चों की शिक्षा पर

## माता की गोद बच्चे का पहला स्कूल - माही

बल देते हुए कहा कि माता की गोद बच्चों का पहला स्कूल होता है। वही प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अफशान जोया बानो,इंशा नूर, उजैर मलिक, मुनिस अरमान, इज़्यान, लुबना, अरहान, मुस्कान, अलकमा रिमशा, आलिया,फिजा, जारा माहिरा नाज, शनाया, उजेफा, इनायत, तूबा फारिया, सिद्रा खतीजा अलीना नाहिद, माही रूजदा, आरुषा, हिफ्ज़ान, शायान, नमरा, अब्दुल्ला, अरहम, फरीद, आयशा,



मेधावी छात्रा को पुरस्कृत करते हुए अतिथिगण।

अदीबा, आलिया, अलीना, नाजिया, सुमैया, फरहीन, आफिया आदि छात्र-छात्राओं को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। वही कक्षा 6 की छात्रा मुस्कान ने कॉलेज टॉप किया। कॉलिज में जेबा परवीन, मुस्कान, परवीन अनम अंसारी, अनम जैदी, तुबा परवीन, आशिमा परवीन, हुदा परवीन, मोहम्मद आसिफ शमसी, ओम प्रकाश समरीन, फरहीन, खातून एवं साबरा आदि अध्यापक, अध्यापिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं शहर के जिम्मेदार लोगों में मोहम्मद अकरम, नईम अहमद, आलमगीर उस्मानी, शेख मोहम्मद राशिद, मुनीर आलम, गौरव गोयल, अमन शमसी, मास्टर अली हसन, डॉक्टर इमरान सागर आदि के अतिरिक्त बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर आलमगीर काज़मी ने सभी छात्र-छात्राओं की सफलता की शुभकामनाएं दी।

# इकड़ा नदी की पुलिया का निर्माण प्रारंभ

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा ईकड़ा नदी की पुलिया पर निर्माण कार्य आज प्रात: करा दिया गया। यह इकड़ा नदी शीला टॉकीज व स्योहारा चुंगी वाले मार्ग के बीच में पड़ती है। निर्माण कार्य के चलते आगामी 15 दिनों तक यह मार्ग अवरुद्ध रहेगा। नगर पालिका परिषद धामपुर की

## 15 दिन मार्ग रहेगा अवरूद्ध



इकडा नदी की पुलिया की सड़क को तोड़ते हुए जेसीबी मशीन।

ओर से इस पुलिया का चौड़ीकरण करके ऊंचा बनाने का कार्य शुरू किया गया। अब मछली बाजार व स्योहारा चुंगी से होकर शीला टॉकीज की ओर जाने वाले लोग इस मार्ग का प्रयोग ना करके वैकल्पिक मार्ग के रूप में न्यू स्टेट बैंक कॉलोनी व सेंट मैरी रोड की ओर जाने वाले मार्ग का प्रयोग कर सकते हैं। पुलिया निर्माण से जल भराव व अन्य समस्याओं का समाधान होगा। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रवि कुमार सिंह अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने बताया कि इकडं नदी की पुलिया बनने से नगर में वर्षा कल के दौरान जल भराव की समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा।

# आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का आया रिजल्ट, मेधावी छात्र पुरस्कृत



**नहटौर ( चिंगारी )।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल का नर्सरी से कक्षा 9वीं तक तथा कक्षा 11वीं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया। कक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल चेयरमैन डॉ. (इं.)आशीष सिंघल एवं प्रधानाचार्य इदरीस अहमद तथा जूनियर विंग कॉर्डिनेटर तबस्सुम जैदी ने सयुक्त रूप से प्रमाण पत्र, अंकपत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आशीष सिंघल ने सम्बोधित करते हुये कहा कि आज के बच्चे कल के देश का भविष्य हैं, इसलिये इनकी अच्छी परवरिश और शिक्षा बहुत ही आवश्यक है जिसके लिये अभिभावकों एवं अध्यापकों का संयुक्त प्रयास बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यापक मोनोजीत विश्वास ने किया।

# दो माह बाद हटी सेवा समिति भूमि की तारबंदी

**स्योहारा ( चिंगारी )।** जुमरात बाजार स्थित विवादित सेवा समिति की भूमि पर प्रशासन द्वारा कराई गई तारबंदी दो माह बाद हटा दी गई। तारबंदी हटने के बाद लोगों ने चर्चाएं शुरू कर दी कि कौन सही कौन गलत है। नगर के जुमरात बाजार में सेवा समिति की भूमि को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। करीब दो माह पूर्व 24 जनवरी को प्रशासन ने इस भूमि को सरकारी संपत्ति मानते हुए उसकी तारबंदी कर नगर पालिका के संरक्षण में दे दिया था। लेकिन अब उक्त तारबंदी को हटा दिया गया है, जिससे पूरे मामले पर नए सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, अचानक तारबंदी हटाए जाने से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि भूमि की वर्तमान स्थिति क्या है और इसका स्वामित्व किसके पास रहेगा। कुछ लोगों का कहना है कि प्रशासन की पहले की सख्ती के बाद अब इस तरह की ढील कहीं किसी के दबाव में आकर तो ये कार्यवाही नही हुई थी। नगर पालिका के अधिकारियों का कहना है कि तारबंदी हटाने की कार्रवाई उच्चाधिकारियों के निर्देशों के तहत की गई है।

# गन्ने से लदे ट्रक से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल

**नहटौर ( चिंगारी )।** बाइक सवार युवकों की बाइक सड़क किनारे खड़े गन्ने से भरे ट्रक से टकरा गई, जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए। धामपुर थानाक्षेत्र के ग्राम जमालपुरा निवासी नाजिर पुत्र जफर बाइक द्वारा बिजनौर से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में बिलाई के पास उससे विनीत पुत्र देवेंद्र (26 वर्ष) निवासी खड़की टप्पा, मोहन गढ़ी (हल्दौर) लिफ्ट मांगकर बाइक पर बैठ गया। जब वह नहटौर में झालू बस स्टैंड के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे वाहन की तेज लाइट उनकी आंखों पर पड़ी जिसके कारण उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े गन्ने से भरे ट्रक में पीछे से टकरा गई, जिससे दोनों घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने विनीत की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया।



# चोरी के लेपटॉप के साथ गिरफ्तार





**नूरपुर ( चिंगारी )।** राजा का ताजपुर निवासी अखलेश कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद की दुकान से लेपटाप चोरी हो गया। मंगलवार को चैकिंग के दौरान ताजपुर बिजलीघर के पास से जाने वाली नहर पर पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को दबोच लिया। पुलिस को युवक के पास से चोरी का लेपटॉप बरामद हुआ पुलिस को पूछताछ में युवक ने अपना नाम पता सोनू कुमार पुत्र परशुराम सिंह निवासी ग्राम कोलासागर, थाना स्योहारा जनपद बिजनौर बताया। पुलिस ने युवक का चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष परवेज कुमार ने युवक के चालान की पुष्टि की है।

# शत-प्रतिशत रहा डीवीएम इंटर कालेज का वार्षिक परीक्षाफल



नगीना के डी वी एम इंटर कॉलेज में बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि।

**नगीना ( चिंगारी )।** डीवीएम इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि,पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह,चंद्रशेखर पाल, अब्दुल कय्यूम राइन व शिव शंकर सक्सेना ने प्रबंधक इंजीनियर अमित गुप्ता व नीता गुप्ता के साथ कक्षाओं में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। माही ग्रुप ने 'एक जिन्दगी' और 'चले जैसे हवाएं' गीतों पर शानदार नृत्य किया। वहीं पाखी ने 'दिल है छोटा सा', अन्वी और अर्शी ने 'स्कूल चले हम', और माही ने 'इतनी सी हंसी' पर प्रस्तुति देकर दर्शकों की तालियां बटोरीं। संजवी ग्रुप के 'धड़क-धड़क' और सारिका के 'काली एक्टिवा' डांस ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में 'अपना हर दिन ऐसे जियो', 'ता रा रा' और 'सजना' जैसे गीतों पर भी सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**गुरुवार, 2 अप्रैल 2026**

मेष- बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, प्रियजनों-मित्रों से विचार-विमर्श, राजनैतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्नशील, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, महत्वपूर्ण उपलब्धि।

वृषभ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आशा की पूर्ति, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने को, नवसम्पर्क लाभदायी।

मिथुन- समय प्रतिकूल, धन का अभाव, योजना अधूरी, आपसी सम्बन्धों में तनाव, मानसिक उलझनों में वृद्धि, व्यावसायिक उन्नति में अड़चनें, यात्रा सुखद।

कर्क- दिनचर्या व्यवस्थित, आरोग्य सुख, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु प्रयत्नशील, कठिनाइयों में कमी, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, जनकल्याण की भावना जागृत।

सिंह- स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

कन्या- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, किसी योजना का श्रीगणेश, समस्या का संतोषजनक हल, शिक्षा व प्रतियोगिता में सफलता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

तुला- कार्य-व्यवसाय में असफलता, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, शंका-कुशंका से मतभेद, मानसिक अशांति, आय की तुलना में व्यय की अधिकता।

वृश्चिक-साहसिक प्रयास प्रगति पर, इच्छित पद की प्राप्ति, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, आपसी सम्बन्ध मधुर, बकाए धन की प्राप्ति, सुसमाचार से खुशी।

धनु- कार्य-व्यवसाय में विस्तार, दूसरों के आश्वासनों से राहत, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व की पूर्ति, संतानपक्ष का उत्कर्ष, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग।

मकर- आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों से विचार-विमर्श, सामाजिक गति-विधियों की ओर अभिरुचि, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, बकाए धन की वसूली।

कुम्भ- सफलता में संदेह, लाभ में कमी, मित्रों से मनमुटाव, शत्रु सक्रिय, अकेलेपन की अनुभूति, आर्थिक हानि, आलस्य की अधिकता, आपके व्यवहार से दूसरों को कष्ट।

मीन- समय संतोषजनक, कार्य-व्यवसाय में विस्तार, राजनीतिक कृत्यों में अभिरुचि, विवाद के समापन में प्रियजन सहायक, जनकल्याण की भावना जागृत, यात्रा।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

# रेडक्रॉस सोसायटी सेवा कार्यों को देगी विस्तार

## उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने व्यक्त किये विचार

**बिजनौर (चिंगारी)।** रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश की प्रबंध समिति की बैठक रेडक्रॉस सोसाइटी भवन लखनऊ में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सोसायटी के सभापति व उपमुख्यमंत्री ब्रिजेश पाठक द्वारा की गई व संचालन महामंत्री अनुराग मिश्रा द्वारा किया गया।

प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित करते हुए सभापति बृजेश पाठक ने कहा रेडक्रास के मूल सिद्धान्तों को अंगीकृत करते हुए अपने सेवा कार्यों को विस्तार देना हमारा दायित्व है। जनपद में कहीं भी कोई भी दैवीय आपदा, आकस्मिक दुर्घटना या किसी भी असहाय निर्धन की चिकित्सकीय सहायता करना हो तो सोसायटी की उसमें अग्रणी भूमिका रहे। सभापति द्वारा बताया गया कि काफी जिलों में कार्यालय स्थापित हो चुके हैं। कार्यालय स्थापित करना ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि इन्हें सुसज्जित कर नियमित रूप से खोले जाने आवश्यकता है।

इस अवसर पर बिजनौर जिले की गतिविधियों की जानकारी मीडिया प्रभारी व डायरेक्टर योगेन्द्रपाल सिंह योगी द्वारा की गई। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यों की उपमुख्यमंत्री ब्रिजेश पाठक द्वारा प्रशंसा की गई। बैठक में प्रदेश का वर्ष 2025-26 का आय-व्यय तथा वर्ष 2026-27 हेतु संभावित आय-व्यय का विवरण अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला बिजनौर से शामिल चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर, मीडिया प्रभारी योगेंद्रपाल सिंह योगी, डायरेक्टर डॉ. सुबोधचंद्र शर्मा, रॉबिन सिंह और अनुज पाठक ने अपने जिले बिजनौर में रेडक्रॉस भवन के लिए आवंटित भूमि पर शिलान्यास हेतु उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, उपसभापति अमरनाथ मिश्रा एवं महामंत्री रामानंद कटियार ने को आमंत्रित किया।

# आर.के. स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित




**किरतपुर (चिंगारी)।** कल आर.के. इंटरनेशनल स्कूल के विद्यालय प्रांगण में 2025-26 सत्र का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को रिजल्ट के साथ ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ प्रत्येक बच्चे में अलग-अलग क्षेत्र में प्रतिभाएं होती हैं, तो उन बच्चों को भी स्पेशल चाइल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। बच्चों के अभिभावक बहुत ही उत्साह व प्रसन्नता के साथ परीक्षाफल लेने के लिए आए। विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। कुछ अभिभावक स्कूल के प्रबंधक दर्शित अग्रवाल से मिले और उन्हें धन्यवाद कहा, इसके उपरांत प्रिंसिपल नितिन बिश्नोई से भी मिले। प्रधानाचार्य ने कहा कि मेरा उद्देश्य बच्चों की शिक्षा के साथ उनका सर्वांगीण विकास करना है।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को मांग-पत्र सौंपते किसान संघ के नेता

# अंडरपास की मांग को लेकर गडकरी से मिले

**नांगल सोती (चिंगारी)।** भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर हेमराज कॉलोनी, बिजनौर के ग्रामीणों की सुविधा हेतु अंडरपास निर्माण की मांग की है। मंगलवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के दिल्ली स्थित आवास पर उनसे मुलाकात कर भारतीय किसान संघ के नेताओं ने कहा कि एनएच -119, वर्तमान में एनएच-34 पर हेमराज कॉलोनी, बिजनौर के चौराहे पर अंडरपास के निर्माण की बेहद सख्त आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने अंडरपास निर्माण के लिये ठोस आश्वासन दिया है। ज्ञातव्य है कि उक्त अंडरपास के निर्माण हेतु हेमराज कॉलोनी के ग्रामीण एक वर्ष से भी ज्यादा समय तक धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं, जिसे किसान संघ ने अपना समर्थन दिया था। जनवरी माह में पुलिस ने जबरन ग्रामीणों का धरना समाप्त करा दिया था। प्रतिनिधिमंडल में किसान संघ के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह डागर, बिजनौर जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह, मेरठ प्रांत के महामंत्री डा. कुलदीप सिंह, प्रांत संगठन मंत्री सुनील सिंह, मौ.पुर देवमल ब्लॉक अध्यक्ष रूपेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# रिजल्ट घोषित, मेधावियों को किया सम्मानित

**नांगल सोती (चिंगारी)।** मंगलवार को बी.ए. पब्लिक स्कूल, सादुल्लानगर तिसोतरा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में एक सादे समारोह का आयोजन कर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के संचालक मा. भूपेन्द्र सिंह दिव्यांग ने बताया कि यूकेजी में कु. निशी ने, कक्षा एक में पल्लवी ने, कक्षा 2 में लक्ष्य कुमार ने, कक्षा 3 में आयुष कुमार ने, कक्षा 4 में सत्यजीत सिंह ने, कक्षा 5 में प्रिंस कुमार ने, कक्षा 6 में शिवा ने तथा कक्षा 7 में प्रियांशी पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया। कु. निशी तथा प्रिंस कुमार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की, जिससे विद्यालय परिवार एवं उनके अभिभावकों में हर्ष का माहौल रहा। प्रधानाचार्या कु. मीनू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई-लिखाई पूरी लगन और मन से करने पर ही सफलता मिलती है। विद्यालय के संचालक मा. भूपेन्द्र सिंह दिव्यांग ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं।

रिपोर्ट कार्ड के साथ बी. ए. पब्लिक स्कूल के बच्चे



# कमिश्नर दीपक रावत ने खुर्पाताल क्षेत्र में किया भ्रमण

## लोगों की समस्याओं का किया समाधान

**नैनीताल ( चिंगारी )।** सचिव मुख्यमंत्री व कमिश्नर कुमाऊं दीपक रावत ने मंगलवार को खुर्पाताल क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विगत जनसुनवाई में प्राथमिक विद्यालय खुर्पाताल परिसर के गेट पर ताला लगाने को लेकर आए प्रकरण के संबंध में भी स्थलीय निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों एवं विद्यालय के मध्य हो रहे विवाद का समाधान मौके पर किया।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान कुमाऊं कमिश्नर ने प्राथमिक विद्यालय,राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, पंचायत घर खुर्पाताल के साथ ही खुर्पाताल में स्थित प्राधिकरण की भूमि का भी स्थलीय निरीक्षण किया। कमिश्नर ने भ्रमण के दौरान विगत जनसुनवाई में प्राथमिक विद्यालय खुर्पाताल के मुख्य गेट पर प्राथमिक विद्यालय की ओर से ताला लगाने को लेकर आ रही समस्या से कुमाऊं आयुक्त को अवगत कराया गया था, जिस पर मंगलवार को कुमाऊं कमिश्नर द्वारा स्वयं विद्यालय में पंहुचकर शिक्षा विभाग व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से वार्ता करते हुए समस्या का मौके पर ही निराकरण किया। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया कि विद्यालय परिसर



के गेट पर नया ताला लगाया जाए जिसकी 1-1 चाबियां प्राथमिक विद्यालय, ग्राम पंचायत खुर्पाताल और परिसर के अंतर्गत संचालित उद्यान विभाग, कार्यालय के पास रहेगी। आवश्यकता अनुसार शासकीय कार्यों के संपादन हेतु सभी परिसर के भीतर मैदान का उपयोग करेंगे।

भ्रमण के दौरान कमिश्नर ने खुर्पाताल में स्थित जिला विकास प्राधिकरण की भूमि का भी स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर भूमि में काफी मात्रा में कचरा डाला जा रहा है। इस संबंध में कमिश्नर ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक और उप निरीक्षक को दो दिन में कचरा डालने वाले व्यक्तियों का पता लगाकर संबंधित पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए 5-5 हजार का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कमिश्नर द्वारा खुर्पाताल झील के एकदम किनारे 30 मीटर परिधि में बनाए गए होटल और भवनों के निर्माण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके से ही सचिव जिला विकास प्राधिकरण, नैनीताल को क्षेत्र में जिला प्राधिकरण के तैनात सहायक अभियंता अभिषेक एवं अवर अभियंता बबीता का वेतन रोकने और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के साथ ही शीघ्र ही ऐसे होटलों और भवनों के चालान करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र में झील से लगी हुई प्राधिकरण की जमीन पर भी होटल व भवनों द्वारा किए गए कब्जे को दो दिन के भीतर हटाने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कुछ स्थानीय निवासियों द्वारा पानी की समस्या कमिश्नर के समक्ष रखी गई, जिसके समाधान का आश्वासन आयुक्त द्वारा स्थानीय निवासियों को दिया गया। इस दौरान कुमाऊं कमिश्नर प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से भी मिले। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष जिला पंचायत देवकी बिष्ट,ग्राम प्रधान हंशी नेगी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी पी एल टमटा, क्षेत्रीय जनता आदि उपस्थित रहे।

# गीतकार अरुण पाठक की एलबम 'इन्द्र धनुष' का लोकार्पण

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** एक कलाकार जब अपने जीवन के पल-पल की अनुभूतियों, संवेदनाओं तथा अनुभवों को जीता है, तो उससे उसकी कला का बहुमुखी विकास और विस्तार तो होता ही है, सम्पूर्ण समाज भी उससे लाभान्वित होता है। उक्त विचार भारत के पूर्व शिक्षा मंत्री तथा

## कलाकार की संवेदना से होता है कला का विस्तार- डा. निशंक

उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने बी.एच.ई.एल. के सैक्टर-2 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के विशाल माधव भवन में संस्कार भारती की हरिद्वार महानगर इकाई तथा चेतना पथ फाउंडेशन की ओर से भारतीय संस्कृति की संवाहक 'चेतना पथ' के छठे वर्ष के प्रवेशांक का विमोचन तथा नगर के कवि एवं साहित्यकार अरुण कुमार पाठक के सात गीतों के संगीतबद्ध संग्रह 'इन्द्रधनुष' का लोकार्पण करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि, हरिद्वार तथा उसके आसपास में ही कला, संस्कृति व साहित्य की अनेक सभी विधाओं में प्रतिष्ठित संस्थाएं, विभूतियां तथा उदीयमान प्रतिभाएं छिपी हुई हैं। विगत पांच वर्षों में इन सबको एक पहचान तथा मंच प्रदान करके 'चेतना पथ' ने समाजोत्थान में उल्लेखनीय भूमिका का निर्वाह किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भेल के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) बलबीर



तलवार ने कहा कि स्वस्थ साहित्य व स्वस्थ कला हमेशा समाज को समृद्ध बनाती है। अत: कला का सृजन सकारात्मक व पूरी निष्ठा व ईमानदारी से होना चाहिये। 'चेतना पथ' सम्पादक अरुण पाठक ने कहा कि साहित्य और कला के उनके विगत सभी प्रकल्पों का एक मात्र उद्देश्य हरिद्वार तथा आसपास की कला और कलाकारों को एक अलग पहचान, सम्मान व मंच उपलबध कराना है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में देहरादून से पधारे विख्यात ग़ज़ल व सुगम संगीत गायक व सारेगामा विजेता रहे अनुराग शर्मा ने लोकप्रिय गज़ल 'हम तेरे शहर में आये हैं, मुसाफिर की तरह' तथा मुम्बई में 'खजाना' तथा छिंदवाड़ा (म.प्र.) में 'तरन्नुम नवाज़ जैसे अखिल भारतीय ख़िताब जीत चुके आकाशवाणी व दूरदर्शन कलाकार विपुल रुहेला ने 'ऐ मोहब्बत तेरे नाम पे रोना आया' पेशकर के जबदस्त तालियां लूटीं। धन्यवाद ज्ञापन विद्या विहार एकेडमी के निदेशक विजयेन्द्र पालीवाल ने किया।

# पूर्व की भांति घर-घर, पहुंचाये जायें गैस सिलेण्डर

## ऋतु खण्डूडी ने बैठक में दिये निर्देश

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने अपने कैंप कार्यालय में अधिकारियों एवं गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने गैस वितरण व्यवस्था को लेकर निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व की भांति ही गैस सिलेंडरों का डोर-टू-डोर वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कहा कि गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं की आवश्यकता के अनुरूप ही सिलेंडर उपलब्ध कराएं, जिससे अनावश्यक भंडारण या कमी की स्थिति उत्पन्न न हो। कहा कि कुछ स्थानों से सिलेंडर समय पर नहीं मिलने की शिकायतें आ रही हैं, जिस पर अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए। कहा कि जनता की सुविधा सर्वोपरि है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में उपजिलाधिकारी संदीप कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार प्रदीप नेगी, खाद्य निरीक्षक कोटद्वार करण क्षेत्री सहित सभी गैस एजेंसियों के स्वामी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिशु मंदिर का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर के जशोधरपुर स्थित महादेव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का वार्षिक गृह परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस संबध में विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य निर्मल केमनी ने बताया कि विद्यालय परिवार छात्रों को संस्कारयुक्त उच्च कोटि की शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह विद्यालय परिवार की प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि छात्र परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। बताया कि वर्तमान सत्र में एल के जी से किरन बिष्ट, यू के जी से रिधिमा गौनियाल, पहली कक्षा से अनिका ढ़ौंडियाल, दूसरी कक्षा से सृष्टि ध्यानी, सक्षम व अविरल उनियाल सहित सभी कक्षाओं के छात्रों ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। मौके पर अतिथियों ने विद्यालय के परीक्षाफल की प्रशंसा करते हुए पूरे विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक जितेंद्र डोबरियाल, जगतराम डबराल और कैलाश डोबरियाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# 8 अप्रैल को मनाया जायेगा नागरिक मंच का स्थापना दिवस

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच का स्थापना दिवस आठ अप्रैल को मनाया जाएगा। स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सदस्यों व पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। मंच के अध्यक्ष प्रवेश नवानी ने बताया कि समारोह में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण मुख्य अतिथि व मुख्य वन सरंक्षक डा. साकेत बडोला विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेगें।

# सफाई अभियान से शुरू हुआ महाविद्यालय का एनएसएस शिविर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर पनियाली स्थित अरण्य सभागार में आरंभ हो गया है। शिविर का आरंभ करते हुए मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डी. एस. नेगी ने अपने संबोधन में स्वयंसेवियों को भारतीय संस्कृति के समृद्ध मूल्यों के बारे में बताया। वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. एस. के. गुप्ता ने स्वयंसेवियों को अनुशासन में रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वहीं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. सरिता चौहान ने सप्त दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। शिविर के प्रथम दिवस पर स्वयं सेवियों ने शिविर के आसपास सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर शेखर मैठाणी, लीला देवी, जितेंद्र सिंह, मुकेश जदली, शीशपाल राणा और वीरेंद्र सैनी सहित समस्त स्वयंसेवी मौजूद रहे।

# जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान न होने पर पूर्व सैनिक विरोध जतायेंगे रैली निकालकर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण न होने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के प्रति स्थानीय शासन प्रशासन लापरवाह बना हुआ है। इस संबध में समिति कार्यालय में आयोजित बैठक में अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र में बेसहारा गौ वंश व आवारा कुत्तों के झुंड के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अतिक्रमण व पार्किंग की समस्या सहित अन्य समस्याओं का समाधान भी नहीं हो पाया है। मौके पर घरेलू गैस सिलेंडर का नगर व ग्रामीण क्षेत्र में समान रूप से वितरण करने व पूर्व सैनिकों को गृहकर से छूट देने के लिए शासन-प्रशासन को पत्र लिखने सहित लालढांग चिलर खाल मोटर मार्ग को व्यवसायिक वाहनों के लिए प्रतिबंधित करने के विरोध में रैली निकालने पर भी सहमति बनी। बैठक में देवेंद्र सिंह रावत, राजेश सिंह, बिष्ट, सुभाष कुकरेती, अनसूया प्रसाद सेमवाल, मदन सिंह नेगी, राजेंद्र सिंह, गोपाल सिंह नेगी, ठाकुर सिंह गुसाईं, जीत सिंह भंडारी, मेहरबान सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह बिष्ट, अनसूया प्रसाद गोस्वामी, नंदन सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजमोहन सिंह, प्रकाश रावत, चंदन सिंह, जगमोहन सिंह, बलबीर सिंह सुरेशपाल गुसाईं और मोहन सिंह सहित समिति से जुड़े अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

# अख़बारों से होगी पढ़ाई की शुरुआत



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रदेश के बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में एक अप्रैल से नए सत्र 2026-27 की शुरुआत हो गई। नए सत्र में छात्रों का स्क्रीन टाइम कम करने, अखबार व किताबें पढ़ने को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही माध्यमिक विद्यालय में मोबाइल लाने पर सख्ती की जाएगी। पहले दिन से विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए स्कूल चलो अभियान भी शुरू होगा। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से नए सत्र के लिए जारी निर्देश में कहा गया है कि विद्यार्थियों में स्क्रीन टाइम कम करने के लिए समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। हर दिन प्रार्थना सभा में समाचार पत्र की मुख्य खबरों को छात्रों से पढ़वाया जाएगा। इसमें कठिन शब्दों का उच्चारण व अर्थ के साथ बताया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों का भाषाई व तार्किक विकास भी अख़बार के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए उनके बीच महत्वपूर्ण विषयों पर संपादकीय लिखने, कक्षा में समूह चर्चा कराने, अखबार में प्रकाशित समस्याओं व विकास की खबरों पर भी चर्चा आयोजित की जाएगी। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को विज्ञान, पर्यावरण व खेल की खबरों की कतरनें काटकर स्क्रैप बुक भी तैयार करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। हफ्ते में एक दिन समाचार पत्रों में प्रकाशित सुडोकू, वर्ग पहेली व ज्ञानवर्धक क्विज को हल करने की प्रतियोगिता भी कराई जाएगी।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

# साधारण लोगों के पास भी कहने को बहुत कुछ



मैं ने सिद्ध करना चाहा कि साधारण लोगों के पास भी कहने को बहुत कुछ है और उनके बौद्धिक स्तर पर भी वर्तमान की वह फ़सल उग रही है, जिसकी बालियों में भविष्य के मार्गदर्शक कण पल रहे हैं। जो लोग अपने हाथों में दर्शनशास्त्र की पताका उठाये चल रहे है, उन्हें जान लेना चाहिए कि अब पगडंडियों पर नंगे पैर चलने वाले श्रम के चितेरे भी अपनी आत्मा के दीप लेकर उन अंधेरो को पार करने में सक्षम है, जो कभी विचार-यात्राओं की राह रोककर खड़े हो जाया करते थे। मैंने प्रयास किया है कि मैं वर्तमान की बर्फ को अपनी श्वांस की गरमी से पिघलाऊं और अपनी लेखनी के द्वारा अतीत की राख को कुरेदकर उन चिंगारियों को जगा दूं, जो मानव समाज की राह को प्रशस्त कर देने वाली आग प्रज्वलित कर सके।

-बाबू सिंह चौहान

**स्मृति समारोह**

6 अप्रैल 2026, सोमवार

अपराह्न 3:00 बजे से सायंकालीन चाय तक

**स्व. रतनलाल जैन सभागार**
**जैन धर्मशाला, बिजनौर**

## सड़क का निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को मिलेगी राहत

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय विनियमित क्षेत्र ने आदर्शनगर चौकी से बिजली घर तक मुख्य संपर्क मार्ग का भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह, भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन, अरविंद विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान धूम सिंह, पत्रकार अवधेश शर्मा, राजपाल सिंह व क्षेत्र वासियों के प्रयास से निर्माण पूरा करा दिया है। चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से न केवल क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि स्थानीय निवासियों को लंबे समय से जलभराव व जर्जर रास्तों के कारण हो रही समस्याओं से भी निजात मिलेगी। प्राधिकरण द्वारा मास्टर प्लान के मानकों को ध्यान में रखते हुए इस सड़क का निर्माण कराया गया है। रितेश सैन ने कहा कि सड़क की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है, ताकि मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति पैदा न हो। सड़क निर्माण से व्यापार व क्षेत्रवासियों की सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय नागरिकों व व्यापारियों ने इसके लिए एसडीएम व प्रशासन का आभार जताया है। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण से यातायात सुगम होगा सड़क चौड़ी होने से मुख्य बाजार व रिहायशी इलाकों के बीच वाहनों का आवागमन आसान होगा। सड़क पर किसी को अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा।

भारत की दो बहादुर बेटियां "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928